www.anokhateer.com
anokhateer@gmail.com
पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

दैनिक
# अनोखा तीर
हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित
निशाने पर हर खबर

Epaper

28 अप्रैल 2026
हरदा, मंगलवार
वर्ष-15, अंक - 320, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
वैशाख शुक्ल पक्ष - 12
विक्रम संवत् 2083




मुख्यमंत्री डॉ. यादव 28 अप्रैल को सूपखार में करेंगे जंगली भैंस पुर्नस्थापन का शुभारंभ

**काजीरंगा से शुरू हो रहा ऐतिहासिक ट्रांसलोकेशन**

## कान्हा में लौटेंगे जंगली भैंसें

### एमपी-असम के बीच जुड़ रहा वन्यजीव संरक्षण और जैव-विविधता सहयोग का नया अध्याय

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चीता पुर्नस्थापना की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब जंगली भैंसों की वापसी से प्रदेश की जैव-विविधता में एक नया आयाम जुड़ेगा। प्रदेश में एक सदी से अधिक समय से विलुप्त हो चुकी 'जंगली भैंस' (वाइल्ड बफेलो) प्रजाति की पुर्नस्थापना की रणनीति अब साकार हो रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 28 अप्रैल को बालाघाट जिले के सूपखार एवं टोपला क्षेत्र में कार्यक्रम के अंतर्गत 'जंगली भैंस' पुर्नस्थापन अभियान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सूपखार में 4 जंगली भैंसों को उनके नए प्राकृतिक आवास में छोड़ेंगे। इनमें 3 मादा और एक नर जंगली भैंसा शामिल हैं। इस अवसर पर जिले के प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह, अधिकारीगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि और नागरिक उपस्थित रहेंगे। इस पहल से भैंस प्रजाति के संरक्षण के साथ ही राज्य का वन पारिस्थितिकी तंत्र भी सशक्त बनेगा।



**काजीरंगा से कान्हा तक:** ऐतिहासिक ट्रांसलोकेशन- इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत असम के काजीरंगा से जंगली भैंसों को कान्हा टाइगर रिजर्व लाया जा रहा है। पहले चरण में 4 भैंसों का दल अपनी यात्रा प्रारंभ कर चुका है। कुल 50 भैंसों के समूह को 'फाउंडर पॉपुलेशन' के रूप में लाने का लक्ष्य निर्धारित है। इस सीजन में 8 भैंसों को स्थानांतरित किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया काजीरंगा और कान्हा के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अनुभवी पशु-चिकित्सकों की निगरानी में वैज्ञानिक तरीके से संपन्न की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि चीता पुर्नस्थापना के बाद अब जंगली भैंसों की वापसी से प्रदेश की जैव-विविधता में एक नया आयाम जुड़ेगा। यह पहल एक प्रजाति के संरक्षण के प्रयास के साथ ही प्रदेश के वन पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। मध्यप्रदेश पहले ही 'टाइगर स्टेट' और 'लेपर्ड स्टेट' के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। जंगली भैंसों का पुनर्स्थापन इस गौरव को और सुदृढ़ करेगा।



### महत्वपूर्ण है यह पुर्नस्थापन

मध्यप्रदेश में जंगली भैंसों की आबादी लगभग 100 वर्ष पहले समाप्त हो गई थी। कान्हा के सूपखार क्षेत्र में 1979 के आसपास जंगली भैसा देखा गया था। अत्यधिक शिकार, मानव हस्तक्षेप, आवास का क्षरण और घास के मैदानों का नष्ट होना इसके प्रमुख कारण रहे। वर्तमान में इनकी प्राकृतिक आबादी मुख्य रूप से असम में सीमित है, जबकि छत्तीसगढ़ में इनकी संख्या अत्यंत कम है।

### कान्हा सबसे उपयुक्त प्राकृतिक आवास

भारतीय वन्यजीव संस्थान (देहरादून) द्वारा किए गए अध्ययन में कान्हा टाइगर रिजर्व को जंगली भैंसों के पुर्नस्थापन के लिए सबसे उपयुक्त पाया गया है। यहाँ के विस्तृत घासभूमि क्षेत्र, पर्याप्त जल स्रोत और न्यूनतम मानव हस्तक्षेप इस प्रजाति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ प्रदान करते हैं।

## लव-मैरिज के 7 महीने बाद युवक का सुसाइड

- **इंस्टाग्राम वीडियो में कहा-पत्नी करती थी प्रताड़ित**

**अनोखा तीर, भोपाल।** भोपाल में एक युवक ने पत्नी की प्रताड़ना से तंग आकर अपनी जान दे दी। सुसाइड से पहले युवक ने वीडियो रिकॉर्ड कर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया। इसमें पत्नी और ससुरालवालों पर प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाए। मामला शाहपुरा के कान्वेवेल होटल पैलेस में रविवार सुबह का है। मृतक की पहचान विकास हिरवे (28) के रूप में हुई। वह हबीबगंज क्षेत्र का रहने वाला था। 7 महीने पहले ही उसने लव मैरिज की थी। दोपहर में युवक का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है।

### होटल में कमरा बुक कर की आत्महत्या



पुलिस के मुताबिक, विकास ने शनिवार देर रात होटल में कमरा बुक किया था। रविवार सुबह होटल स्टाफ ने कमरे में उसका शव फांसी के फंदे पर लटका पाया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन परिजनों ने एक वीडियो पुलिस को सौंपा है। पुलिस वीडियो की जांच कर रही है। युवक ने सुसाइड से पहले वीडियो में यह कहा- मेरा नाम विकास हिरवे है। मेरी पत्नी स्नेहा सोलंकी से 7 माह पहले लव मैरिज की थी। मैं मनमर्जी से सुसाइड कर रहा हूं... इसकी जिम्मेदार पत्नी स्नेहा सोलंकी है। 10 दिन पहले से स्नेहा ने अपने तमाम डॉक्यूमेंट, ज्वेलरी सहित सामान को अपने मायके में भेजना शुरू कर दिया था। वह लगातार मुझे विवाद करती है। प्रताड़ित करती है और फंसाने की धमकी देती है। उसकी दादी लगातार उसे कॉल कर यह सब करने के लिए मजबूर करती है। ससुरालवालों की प्रताड़ना से तंग आकर ही मैं जान दे रहा हूं। मेरी मौत के लिए जिम्मेदार मेरी पत्नी और दादी सास हैं।

**पत्नी से विवाद के बाद घर से निकला था-** परिजनों ने पुलिस को बताया कि शनिवार शाम को पति-पत्नी के बीच मामूली कहासुनी हुई थी। इसके बाद रात के समय युवक बिन बताए घर से निकला। तड़के करीब 3:00 बजे उसकी आखिरी पोस्ट को देखा। इसके बाद उसकी तलाश शुरू की। जब होटल पहुंचे तो वहां युवक सुसाइड कर चुका था। आखिरी वीडियो में युवक ने इस बात का भी जिक्र किया है कि पत्नी को परिवार वाले बहुत प्यार करते हैं, लेकिन वह इसके बाद भी मुझे और उन्हें झूठे केस में फंसाने की धमकी देती है।

## नारी-शक्ति वंदन: सीएम बोले- 'महिलाओं का हक कांग्रेस ने रोका'

### विपक्ष ने कहा- अभी लागू करो 33% आरक्षण, परिसीमन का इंतजार क्यों?

**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्य प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में 'नारी शक्ति वंदन' पर चर्चा के बीच मुख्यमंत्री मोहन यादव के बयान और उस पर विपक्ष के तीखे जवाब ने सियासी माहौल गरमा दिया है। सीएम ने जहां कांग्रेस पर महिलाओं का हक रोकने का आरोप लगाया, वहीं विपक्ष ने पलटवार करते हुए कहा कि अगर नीयत साफ है तो 33% आरक्षण तुरंत लागू किया जाए, परिसीमन का इंतजार क्यों।

सीएम बोले-कांग्रेस ने ठोस कदम नहीं उठाए- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने अपने संबोधन की शुरुआत सांस्कृतिक संदर्भों से करते हुए महिला शक्ति के महत्व पर जोर दिया, लेकिन जल्द ही उन्होंने कांग्रेस पर सीधा हमला बोल दिया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद लंबे समय तक सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व को बढ़ाने के लिए ठोस कदम नहीं उठाए।

आधी आबादी के साथ अन्याय किया- सीएम ने कहा कि इतिहास में कई बार ऐसे मौके आए, जब महिलाओं को बराबरी देने के फैसले लिए जा सकते थे, लेकिन परिसीमन को रोककर और संवैधानिक बदलावों के जरिए उनके अधिकारों का रास्ता रोका गया। उन्होंने इसे 'आधी आबादी के साथ अन्याय' करार देते हुए कहा कि इसका जिम्मेदार कांग्रेस का राजनीतिक रवैया है।



सीएम ने कहा- बिना संविधान संशोधन ये संभव नहीं- सीएम ने अपने भाषण में यह भी कहा कि बिना संविधान संशोधन और परिसीमन के महिला आरक्षण लागू करना संभव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस का रवैया हमेशा विरोध का रहा है-सत्ता में रहते हुए भी और विपक्ष में रहते हुए भी।

मुख्यमंत्री ने आंकड़ों के जरिए तर्क देते हुए कहा कि अगर समय पर निर्णय लिए जाते तो आज लोकसभा और विधानसभा में महिलाओं की संख्या दोगुनी से ज्यादा हो सकती थी।

### नेता प्रतिपक्ष ने पूछा-कब लागू करेंगे ये बताओ?

इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सरकार को घेरते हुए कहा कि महिला आरक्षण को लेकर सरकार स्पष्ट जवाब दे कि इसे लागू कब किया जाएगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं आज आरक्षण चाहती हैं, 2029 या 2047 में नहीं। अगर सरकार की मंशा साफ है तो मौजूदा व्यवस्था में ही इसे लागू किया जाना चाहिए।

## 50% खराब चमक वाला गेहूं भी खरीदेगी मोहन सरकार

- **सीएम ने किसानों को दिया भरोसा, कहा- घबराएं नहीं अन्नदाता**



**अनोखा तीर, भोपाल।**

मध्यप्रदेश में किसानों को बड़ी राहत मिली है। सीएम मोहन यादव ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। 50 फीसदी तक खराब चमक वाला गेहूं भी मोहन सरकार खरीदेगी। इतना ही नहीं प्रदेश सरकार ने पानी की कमी के कारण कम विकसित दाने की सीमा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 10 प्रतिशत, क्षतिग्रस्त दानों की सीमा 6 प्रतिशत बढ़ा दी है। दरअसल, मोहन सरकार इस साल किसान कल्याण वर्ष मना रही है।

सरकार लगातार किसानों के कल्याण के लिए फैसले ले रही है। सीएम की कोशिशों के बाद मध्य प्रदेस में गेहूं उपार्जन का लक्ष्य 78 लाख मीट्रिक टन से बढ़ाकर 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। साथ ही किसान गेहूं को बेचने के लिए नौ मई तक स्लॉट बुकिंग कर सकेंगे। पहले 30 अप्रैल तक थी।

**किसानों के लिए एमपी में 3516 उपार्जन केंद्र चल रहे-** वहीं, मध्य प्रदेश में किसानों के लिए 3516 उपार्जन केंद्र चल रहे हैं। उपार्जन केंद्रों की क्षमता 1000 क्विंटल से बढ़ाकर 2250 रुपए प्रति क्विंटल कर दी गई है। अभी तक मध्य प्रदेश में गेहूं बेचने के लिए कुल 8 लाख 55 हजार किसानों ने स्लॉट की बुकिंग करवाई है।

वहीं, तीन लाख 96 हजार कृषकों से 16 लाख 60 हजार मीट्रिक टन गेहूं उपार्जित कर दो हजार 527 करोड़ रुपए का भुगतान किया जा चुका है।

### चार गुना मुआवजा देने का भी किया है ऐलान

हाल ही में सीएम यादव ने किसानों की समृद्धि के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस फैसले के मुताबिक, अब किसानों को उनकी भूमि के बदले 4 गुना तक मुआवजा दिया जाएगा। यह निर्णय किसानों के अधिकारों की रक्षा करेगा और उनके भविष्य को सुरक्षित करेगा। राज्य सरकार ने दलहन, उड़द और तिलहन फसल, सरसों के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए बड़ा कदम उठाया है। उड़द को तय समर्थन मूल्य पर खरीदा जाएगा और किसानों को तय समर्थन मूल्य के अतिरिक्त खरीदी गई उड़द पर 600 रुपए प्रति क्विंटल बोनस राशि भी दी जाएगी।

## श्योपुर में लावारिस बच्ची से खुला मानव तस्करी नेटवर्क

### उद्योगपति दंपती समेत छह आरोपी गिरफ्तार; पूछताछ जारी

**श्योपुर(एजेंसी)।** श्योपुर के सोंईकलां के पास हाईवे किनारे मिली दो साल की लावारिस बच्ची का मामला अब एक बड़े मानव तस्करी नेटवर्क तक जा पहुंचा है। जिला पुलिस ने 35 घंटे के ताबड़तोड़ ऑपरेशन में तीन जिलों से उद्योगपति दंपती समेत छह आरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे रैकेट से पर्दा उठाना शुरू कर दिया है। घटना की शुरुआत 18 अप्रैल को हुई, जब सोंईकलां के पास हाईवे किनारे एक मासूम बच्ची लावारिस हालत में मिली। पुलिस ने जब आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो एक कार एमपी 07 जेडए 0067 की चाल संदिग्ध लगी। कार बेहद धीमी गति से चल रही थी। नंबर के आधार पर कार मालिक का पता लगाया गया जो राजगढ़ निवासी आकाश मूंदड़ा निकला। यहीं से जांच की सुई मानव तस्करी के बड़े नेटवर्क की ओर घूम गई। एसपी सुधीर अग्रवाल ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तीन विशेष टीमें गठित कीं। करीब 20 पुलिसकर्मियों ने 35 घंटे तक इंदौर, धार और खरगौन में दबिश दी। इस दौरान छह आरोपियों को दबोचा गया। गिरफ्तार आरोपियों में इंदौर के महालक्ष्मी नगर में ब्यूटी पार्लर संचालिका नीता जैन और उसका पति वैभव जैन शामिल हैं।



### रुह कंपा देने वाले हुए खुलासे

पुलिस जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। बच्ची का सौदा 21 नवंबर 2024 को किया गया था, जब वह महज छह दिन की थी। धार जिले की एक क्लीनिक संचालिका ने बच्ची को खरगौन की महिला से लेना बताया। इसके बाद इंदौर में नीता जैन और उसके पति वैभव जैन के जरिए यह मासूम राजगढ़ के आकाश मूंदड़ा को करीब एक लाख रुपये में बेच दी गई। इस तरह बच्ची कई हाथों से गुजरती रही और अंत में लावारिस हालत में हाईवे पर छोड़ दी गई। जांच में सबसे मजबूत कड़ी इंदौर के महालक्ष्मी नगर से जुड़ी मिली है। पुलिस को संकेत मिले हैं कि यहां ब्यूटी पार्लर की आड़ में पूरा नेटवर्क संचालित हो रहा था।

## गर्मी का प्रकोप, सड़क पर तड़प-तड़प कर गिरे कबूतर

### छिंदवाड़ा में आसमान से बरसती आग ने ली बेजुबानों की जान

**अनोखा तीर, छिंदवाड़ा।**

छिंदवाड़ा जिले के परासिया में लगातार बढ़ते तापमान ने अब पशु-पक्षियों के लिए भी गंभीर संकट खड़ा कर दिया है। रविवार दोपहर पेंचवेली स्कूल से भंडारिया जाने वाले मार्ग, वार्ड क्रमांक 17 में कई कबूतर मृत अवस्था में मिले, जबकि कुछ तड़पते हुए देखे गए। घटना के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल है और लोग इसे भीषण गर्मी का असर मान रहे हैं। बताया जा रहा है कि दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जब तापमान अपने चरम पर था, तब सड़क और आसपास का क्षेत्र अत्यधिक गर्म हो गया था। इसी दौरान कबूतर अचानक जमीन पर गिरने लगे। मौके पर मौजूद लोगों ने देखा कि कई कबूतर दम तोड़ चुके थे।



भंडारिया में आयोजित एक विवाह समारोह में पहुंचे विनय राजा जोशी ने बताया कि सड़क किनारे झाड़ियों और खुले मैदान में बड़ी संख्या में कबूतर मृत पड़े थे, जिससे स्थिति की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। क्षेत्र में इन दिनों तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच चुका है। सुबह से ही तेज धूप और दोपहर में चलने वाली गर्म लू लोगों के साथ-साथ जीव-जंतुओं के लिए भी खतरनाक साबित हो रही है। घरों के भीतर का तापमान भी 35-36 डिग्री तक पहुंच रहा है, जिससे राहत मिलना मुश्किल हो गया है। पशु-पक्षी प्रेमी जितेंद्र मौर्य के अनुसार, कबूतरों की मौत के पीछे मुख्य कारण पानी की कमी, अत्यधिक गर्मी और भोजन की अनुपलब्धता है। उन्होंने बताया कि कबूतर अपने शरीर का तापमान नियंत्रित रखने के लिए पानी पर निर्भर रहते हैं, लेकिन पानी न मिलने पर वे तेजी से कमजोर हो जाते हैं।

### नागरिकों से छत पर पानी रखने की अपील

इसके अलावा गर्म तासीर वाले अनाज का सेवन भी उनके लिए नुकसानदायक हो सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि गंदगी और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर रहने से संक्रमण और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि कंक्रीट के बढ़ते जंगलों के कारण प्राकृतिक ठंडक खत्म हो रही है, जिससे पक्षियों को राहत नहीं मिल पाती। ऐसे में नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों की छत या बालकनी में मिट्टी के बर्तनों में स्वच्छ पानी रखें और पक्षियों के लिए सुरक्षित स्थानों पर दाना डालें।

संक्षिप्त समाचार

## कृषि आदान विक्रेता संघ ने प्रधानमंत्री के नाम तहसील में सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, सिराली।** कृषि आदान विक्रेता संघ, जिला हरदा ने किसानों और व्यापारियों की समस्याओं को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा। संघ के अनुसार लंबे समय से उनकी मांगें लंबित हैं, जिसके चलते 27 अप्रैल 2026 को



देशव्यापी एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल का निर्णय लिया गया है। संघ की प्रमुख मांगों में खाद की जबरन लिंकिंग पर रोक, उर्वरकों की एफओआर आपूर्ति सुनिश्चित करना, डीलर मार्जिन बढ़ाकर 8 प्रतिशत करना तथा साथी पोर्टल में राहत देना शामिल है। इस दौरान जिला अध्यक्ष श्याम महेश्वरी, नगर अध्यक्ष राजेश कुशवाहा, सचिव महेश गुर्जर, संरक्षक भगवान राजपूत सहित तहसील के सभी कृषि आदान विक्रेता उपस्थित रहे। संघ ने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## वैशाख माह में गंगेश्वरी संगम से मां नर्मदा पंचकोशी यात्रा प्रारंभ

**अनोखा तीर, करताना।** वैशाख के पवित्र महीने में गोंदागांव स्थित गंगेश्वरी संगम से मां नर्मदा पंचकोशी यात्रा का शुभारंभ हुआ। यह यात्रा गोंदागांव से छिपानेर, लछोरा, जलोदा होते हुए आगे बढ़ेगी तथा जलोदा से नाव के माध्यम से मां नर्मदा पार कर रात्रि विश्राम बिजलगांव में किया जाएगा। यात्रा के दौरान पंचकोशी यात्री विभिन्न पड़ावों से गुजरते हुए आगे बढ़ेंगे और भिलाड़िया होते हुए



पुन: गोंदागांव गंगेश्वरी संगम में यात्रा का समापन करेंगे। इस धार्मिक यात्रा में लगभग 35 से 40 यात्री शामिल हैं, जो क्षेत्र में सुख-शांति और समृद्धि की कामना के साथ यह यात्रा कर रहे हैं। क्षेत्र के वरिष्ठ समाजसेवी छोटू पटेल गुर्जर ने बताया कि ग्राम लछोरा में मनोहर और अमरसिंह गुर्जर के निवास पर ग्रामवासियों द्वारा मां नर्मदा ध्वज का पूजन-अर्चन कर यात्रियों का स्वागत व सेवा की गई। इसके बाद यात्रियों को जलपान और ठंडे पानी की व्यवस्था कर आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया। आगे का पड़ाव जलोदा रहेगा, जहां से नाव के माध्यम से यात्री बिजलगांव पहुंचेंगे। यात्रा के संयोजक भगवान सिंह और लवकुश मंडलोई ने बताया कि यह पंचकोशी यात्रा पिछले लगभग 31 वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है और वैशाख माह में इसे अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है।

## अभिषेक ग्रीन वैली फेस-2 में कॉलोनाइजर पर मनमानी के आरोप, कलेक्टर से शिकायत

**अनोखा तीर, हरदा।** शहर की अभिषेक ग्रीन वैली फेस-2 कॉलोनी में कॉलोनाइजर की मनमानी को लेकर रहवासियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। कॉलोनी में निर्माण करा रहे नवीन अग्रवाल ने कलेक्टर को आवेदन देकर कॉलोनाइजर पर लापरवाही और नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए हैं। शिकायत में बताया गया कि कॉलोनी में पिछले 7-8 महीनों से चेंबर चोक होने के कारण गंदा पानी बाहर फैल रहा है, जिससे बदबू और गंदगी की समस्या बनी हुई है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कॉलोनाइजर द्वारा समस्या का समाधान नहीं कराया गया। आवेदन में यह भी आरोप है कि कॉलोनाइजर द्वारा पूर्व में राशि लेने के बाद भी कार्य नहीं कराया गया। साथ ही कॉलोनी में पार्क, स्ट्रीट लाइट, 11 केवी लाइन और सड़क जैसी मूलभूत सुविधाएं भी अधूरी पड़ी हैं। ईडब्ल्यूएस प्लॉट नहीं बेचे जाने और टीडीआर/रजिस्ट्री के नियमों के उल्लंघन के भी आरोप लगाए गए हैं। पीड़ित ने कलेक्टर से मामले की जांच कर कॉलोनाइजर के खिलाफ कार्रवाई करने और कॉलोनी की व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने की मांग की है।

## गौवंश हत्याकांड को लेकर कांग्रेस ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, आंदोलन की चेतावनी

**अनोखा तीर, टिमरनी।** विकासखंड के ग्राम छिदगांव गंजाल के बीच स्थित गंजालेश्वर आश्रम से शनिवार रात अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गौवंश की चोरी कर उन्हें रेलवे ट्रेक पर बांधने का मामला सामने आया है। ट्रेन की चपेट में आने से मौके पर ही 5 गायों की मौत हो गई, जिनमें से 2 गायें गर्भवती बताई गई हैं। इस घटना के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहन सांई के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने टिमरनी एसडीएम संजीव नागू को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कठोर कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में इस निर्मम घटना की निंदा करते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग उठाई गई।



जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साई ने कहा कि जिस क्रूरता के साथ यह घटना हुई है, उससे आम लोगों में भारी आक्रोश है। कांग्रेस ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस दौरान पंचायती राज प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले, पूर्व जिला पंचायत सदस्य चुन्नीलाल रायखेरे, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रविशंकर शर्मा, सोनतलाई ब्लॉक अध्यक्ष सुरेन्द्र विश्नोई, टिमरनी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद पटेल, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, मंडलम अध्यक्ष जितेन्द्र सोनकिया, पार्षद हीरा घुर्रे, महिला कांग्रेस अध्यक्ष रितु सोलंकी, विधायक प्रतिनिधि गंगाराम गुर्जर, ओम मिश्रा, सैकी उपाध्याय, कांग्रेस नेता अनिल विश्नोई, शहजाद खान, शशिकांत वर्मा, सत्यनारायण राजपूत, अक्षय मिश्रा, दिनेश विश्वकर्मा, संदीप लोलंकी, नारायण सांखला, जितेन्द्र जसपाल, राजेश नाथ, पिंटु चौहान, दीपक जैन, अजय राजगुरे, अनीश शाह सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।

## रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना, यात्रियों की कहानियों को मिलेगा सम्मान

**अनोखा तीर, भोपाल।** भारतीय रेल द्वारा यात्रियों के अनुभवों, स्मृतियों और भावनाओं को अभिव्यक्ति देने के उद्देश्य से रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना 2026 का आयोजन किया जा रहा है। यह योजना अखिल भारतीय स्तर पर संचालित होगी और हिंदी भाषा में सृजनात्मक लेखन को प्रोत्साहित करेगी। योजना के अंतर्गत प्रतिभागियों को आकर्षक नकद पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। प्रथम पुरस्कार 10,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 8,000 रुपए तथा तृतीय पुरस्कार 6,000 रुपए निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा पांच प्रतिभागियों को 4,000 रुपए प्रत्येक के प्रेरणा पुरस्कार भी दिए जाएंगे। प्रतिभागियों को अपने रेल यात्रा से जुड़े अनुभवों को हिंदी में मौलिक रूप से 3000 से 3500 शब्दों में प्रस्तुत करना होगा। लेख डबल स्पेस में टंकित होना चाहिए तथा प्रत्येक पृष्ठ पर एक इंच का मार्जिन और पृष्ठ क्रमांक अनिवार्य होगा। प्रविष्टि के साथ अलग पृष्ठ पर रेल यात्रा वृत्तांत 2026 शीर्षक के साथ लेखक का नाम, पदनाम, आयु, पता, मोबाइल नंबर, ई-मेल आईडी सहित अन्य जानकारी देना अनिवार्य रहेगा। प्रविष्टियां सहायक निदेशक, हिंदी (प्रशिक्षण), कमरा नंबर 316, कॉफमो रेल कार्यालय परिसर, तिलक ब्रिज, आईटीओ, नई दिल्ली 110002 पर भेजी जा सकती हैं।

## राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के आवेदन की तिथि 31 मई

अनोखा तीर, हरदा। खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025 के राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। खेलवृत्ति के लिए 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 के मध्य अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता प्रतिभावान खिलाड़ियों को 31 मई तक अपने आवेदन जमा करना होंगे। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी सुश्री उमा पटेल ने बताया कि अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार, रजत पदक विजेता को 8 हजार तथा कॉस्य पदक विजेता को 6 हजार रूपये की खेलवृत्ति का प्रावधान है। खेलवृत्ति के लिए आवेदन जिले के जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी से प्राप्त कर आवेदन के साथ अधिकृत राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में पदक अर्जित प्रमाण-पत्र, मूल निवासी प्रमाण-पत्र, जन्म प्रमाण-पत्र अथवा कक्षा 10 वीं की अंकसूची, आधार कार्ड, बैंक पासबुक की छायाप्रति, पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न कर 31 मई 2026 से पूर्व जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग हरदा में जमा करें।

## पंचायत एवं नगरीय निकायों की मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी

**अनोखा तीर, हरदा।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत की फोटोयुक्त मतदाता सूची का वार्षिक पुनरीक्षण कार्यक्रम जारी कर दिया गया है।

एक जनवरी 2026 की संदर्भ तारीख के आधार पर मतदाता सूची का पुनरीक्षण होगा। फोटो युक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 18 जून को किया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार फोटो युक्त प्रारूप मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 15 मई 2026 को किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां 15 मई से 25 मई दोपहर 3 बजे तक ली जाएंगी। प्राप्त दावे- आपत्तियों का निराकरण 30 मई तक किया जाएगा। फोटो युक्त अंतिम मतदाता सूची का विहित स्थानों पर सार्वजनिक प्रकाशन 18 जून 2026 को किया जाएगा।

## एएपी के सात सांसदों को बीजेपी में विलय की मंजूरी

- राज्यसभा में भाजपा सांसद 106 से बढ़कर 113 हुए

**केजरीवाल की पार्टी 3 पर सिमटी**

नई दिल्ली (एजेंसी)। राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के सात बागी सांसदों के भाजपा में विलय को मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद राज्यसभा में एएपी की संख्या घटकर 3 रह गई है, जबकि बीजेपी सांसदों की संख्या 106 से बढ़कर 113 हो गई है। जो सात सांसद बीजेपी में शामिल हुए हैं, उनमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी, स्वाति मालीवाल और राजेंद्र गुप्ता शामिल हैं। राज्यसभा की ऑफिशियल वेबसाइट पर भी इन सांसदों को बीजेपी के सदस्यों के रूप में दिखाया गया है। एएपी ने रविवार को सभापति से सातों सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की थी। संजय सिंह ने भी लेटर लिखकर उन्हें दलबदल कानून के उल्लंघन का दोषी बताते हुए अयोग्य घोषित करने की अपील की। संजय सिंह के मुताबिक, एएपी ने एडवोकेट कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचारी सहित कई संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। कपिल सिब्बल ने कहा था कि संविधान की 10वीं अनुसूची के मुताबिक सबसे पहले पार्टी को प्रस्ताव पास करके दूसरी पार्टी विलय करना पड़ेगा। कोई भी सांसद दूसरी पार्टी में विलय नहीं कर सकते। एएपी के 10 राज्यसभा सांसदों में से सात ने शुक्रवार को बीजेपी जॉइन कर ली थी।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट साइन

- दोनों देशों के बीच एक्सपोर्ट पर ड्यूटी जीरो हुई

**अब 5000 भारतीयों को वर्किंग वीजा मिलेगा**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत-न्यूजीलैंड के बीच सोमवार को फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) साइन हो गया है। अब भारत से न्यूजीलैंड भेजे जाने वाले लेदर प्रोडक्ट्स,टेक्सटाइल,प्लास्टिक और इंजीनियरिंग गुड्स जैसे सामानों पर कोई एक्सपोर्ट ड्यूटी नहीं लगेगी। जिससे इन श्रम-प्रधान क्षेत्रों यानी लेबर इंटेंसिव सेक्टर्स को सीधा लाभ होगा।

### 5 हजार भारतीय प्रोफेशनल्स को वर्किंग वीजा मिलेगा

सर्विस सेक्टर में भारत ने शिक्षा, फाइनेंशियल सर्विसेज, कंस्ट्रक्शन और टूरिज्म जैसे हाई-वैल्यू सेक्टरों में बाजार पहुंच हासिल की है। समझौते के तहत, योगा इंस्ट्रक्टर्स, इंडियन शेफ और म्यूजिक टीचर्स के लिए भी रास्ते खुलेंगे। एफटीए में एक नया टेम्परेरी एम्प्लॉयमेंट एंट्री वीजा का रास्ता बनाया गया है।

### न्यूज़ीलैंड को कृषि उत्पादों पर रियायत

**डेयरी पर छूट नहीं**

न्यूजीलैंड को भारतीय बाजार में पहुंच देने के लिए भारत ने अपनी 70 फीसदी टैरिफ लाइन्स खोल दी हैं। इसमें सेब, कीवी फ्रूट और मनुका हनी जैसे कृषि उत्पादों पर टैरिफ रियायतें दी गई हैं, लेकिन ये कोटा लिमिट और मिनिमम इम्पोर्ट प्राइस की शर्तों के साथ होंगी। इसके अलावा न्यूजीलैंड को भारत में अपने 54 फीसदी से ज्यादा एक्सपोर्ट पर तुरंत शून्य ड्यूटी मिलेगी। इसमें शीप मीट, ऊन, कोयला और फॉरेस्ट्री प्रोडक्ट्स शामिल हैं। सीफूड, आयरन, स्टील और एल्युमीनियम स्क्रैप पर टैरिफ को अगले 10 सालों में धीरे-धीरे खत्म करेंगे।

## मैं 'आप' के साथ खत्म कर रहा हूं सफर...

- गुजरात में नतीजों से पहले केजरीवाल को झटका

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात में स्थानीय निकाय चुनावों के नतीजों से पहले आम आदमी पार्टी (आप) को झटका लगा है। पार्टी के गुजरात प्रदेश महासचिव और किसान नेता सागर रबारी ने सोमवार को इस्तीफा दे दिया। सागर रबारी काफी वक्त से आप से जुड़े हुए थे। सागर रबारी ने ऐसे वक्त पर आप छोड़ी है जब एक दिन बाद यानी 28 अप्रैल को गुजरात स्थानीय निकाय चुनावों के




रिजल्ट घोषित होने हैं। गुजरात में आप की कमान इसुदान गढ़वी के हाथों में है। अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के पूर्व मंत्री गोपाल राय को आप का प्रभारी बनाया हुआ है। उनके साथ दिल्ली के पूर्व विधायक गुलाब सिंह मटियाला भी मोर्चे पर हैं। सागरभाई रबारी ने अपने इस्तीफे का ऐलान एक फेसबुक पोस्ट से किया है। आप को यह झटका ऐसे वक्त पर लगा है जब आप अपने सात राज्यसभा सांसदों के बीजेपी में जाने से बैकफुट पर है।

# प्रचंड गर्मी, आसमान से बरस रहे आग के शोले

- दिल्ली-यूपी एमपी और राजस्थान में आग उगल रहा पारा
- महाराष्ट्र के अकोला में पारा 46.9, देश में सबसे गर्म रहा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रचंड गर्मी ने पूरे भारत की नींद उड़ा रखी है। अप्रैल में ही देश के कई जगहों पर पारा 40 डिग्री के पार चला गया है। वहीं, देश अभी से ही भीषण लू चलने लगी है, जिससे देश के कई शहर बेहद गर्म हो गए हैं। भारतीय मौसम विभाग ने हीटवेव यानी लू को लेकर चेतावनी दी है कि यह स्थिति उत्तर पश्चिम और मध्य भारत में अगले तीन दिनों तक बनी रहेगी। हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिमी मध्य प्रदेश, विदर्भ क्षेत्र, बिहार और गुजरात में यही हालात बने रहने वाले हैं। एजेंसी के अनुसार, झांसी, ओरछा और बालनगीर भारत के सबसे गर्म शहरों में से हैं। वहीं, विंडीडॉट कॉम के



अनुसार, सोमवार दोपहर तक नई दिल्ली, अहमदाबाद और गुना का तापमान 40 डिग्री तक पहुंच गया था।

**बिहार में गर्मी से 2 और आंधी-बिजली से 5 मौतें-** देश में भीषण गर्मी जारी है। राजस्थान, यूपी और महाराष्ट्र के 7 शहरों में रविवार को तापमान 46 डिग्री के पार चला गया। महाराष्ट्र का अकोला 46.9 डिग्री के साथ देश में सबसे गर्म रहा। अमरावती 46.8, बांदा 46.6, वर्धा और बाड़मेर 46.4, जैसलमेर और यवतमाल 46 डिग्री तापमान के साथ हीटवेब की चपेट में हैं। यूपी के 60 जिलों में लू का अलर्ट है। मध्य प्रदेश के खजुराहो में पहली बार तापमान 45 डिग्री पहुंचा। इंदौर-भोपाल में भी पारा 43 डिग्री पर बना हुआ है। उत्तराखंड के देहरादून में गर्मी के चलते 12वीं तक स्कूल बंद कर दिए गए हैं। बिहार के 8 जिलों में रविवार को पारा 40 डिग्री के पार चला गया। यहां गर्मी से दो मौतों की खबर है। नेपाल बॉर्डर से सटे जिलों में आंधी और बिजली गिरने से 5 लोगों की मौत हो गई। इंडिया टुडे की एक रिपोर्ट के अनुसार, दुनिया के सबसे 100 गर्म शहरों में से 95 शहर भारत में ही हैं। इसमें मध्य भारत से होकर गंगा के मैदानों तक कई शहरों में तापमान 40 डिग्री तक पहुंच चुका है। वहीं, कहीं-कहीं यह 45 डिग्री के पास पहुंच सकता है।



## पाकिस्तान में लश्कर के आतंकी शेख यूसुफ की हत्या

- गोली मारकर की हत्या, 2026 में 30वां आतंकी बना निशाना

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर शेख यूसुफ अफरीदी की पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कुछ अज्ञात बंदूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक हमलावरों ने अफरीदी पर कई राउंड गोलियां चलाई थी। अफरीदी लश्कर कमांडर हाफिज सईद का करीबी सहयोगी था और इस हमले के दौरान उसे भागने का कोई मौका नहीं मिला। अफरीदी को आतंकी संगठन लश्कर के खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र में होने वाले ऑपरेशन्स की एक अहम कड़ी माना जाता था। जांच एजेंसियां उसकी मौत को एक टारगेटेड हत्या यानि सोची-समझी साजिश के तहत की गई हत्या माना है। शेख यूसुफ अफरीदी की हत्या उसी कड़ी का हिस्सा है जिसके तहत पिछले दो सालों में पाकिस्तान में एक के बाद एक कई आतंकियों की हत्या की गई है।



- **पाकिस्तान में एक के बाद एक वांटेड आतंकियों की हत्या-** इससे पहले जैश-ए-मोहम्मद के सरगना मौलाना मसूद अजहर के बड़े भाई मुहम्मद ताहिर अनवर की भी पाकिस्तान में संदिग्ध हालत में मौत हो गई थी। बताया जाता है कि उनकी मौत बेहद रहस्यमय परिस्थितियों में हुई थी। अनवर जैश-ए-मोहम्मद के भीतर एक अहम भूमिका निभाता था और इस आतंकी ऑपरेशन्स में सक्रिय था।

- आम सहमति मुश्किल, भारत ने फलस्तीन के पक्ष का किया समर्थन


## मिडिल ईस्ट पर मतभेद के कारण मुश्किल हुई ब्रिक्स की राह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पिछले हफ्ते मिडिल-ईस्ट पर हुई ब्रिक्स की बैठक में कोई आम सहमति वाला दस्तावेज तैयार नहीं हो सका, क्योंकि इस संघर्ष में शामिल सदस्य देशों के रुख में काफी मतभेद थे। भारतीय अधिकारियों के अनुसार, बाकी सभी देशों द्वारा इन मतभेदों को दूर करने की कोशिशें कामयाब नहीं हो सकीं। इस साल ब्रिक्स की अध्यक्षता भारत के पास है और वह अगले महीने विदेश मंत्रियों की बैठक की मेजबानी करेगा। इसके बाद इसी साल के अंत में शिखर सम्मेलन होगा। आम सहमति न बन पाने के कारण पिछले हफ्ते विदेश मंत्रियों और विशेष दूतों की बैठक में कोई संयुक्त बयान जारी नहीं हो सका। इसके बजाय अध्यक्ष का बयान जारी किया गया, जिसमें कहा गया कि सदस्य देशों ने मिडिल-ईस्ट में हाल ही में हुए संघर्ष पर गहरी चिंता जताई और इस मामले पर अपने विचार और आंकलन पेश किए। चर्चाओं में फलस्तीन का मुद्दा और गाजा की स्थिति शामिल थी, जिसमें मानवीय सहायता पहुंचाना, ब्रिक्स की भूमिका, आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस का रवैया अपनाना और लेबनान में संघर्ष-विराम का स्वागत करना है।



### फलस्तीन मुद्दे पर भारत का रुख हमेशा से स्पष्ट रहा है

एक सूत्र ने कहा, फलस्तीन मुद्दे पर भारत ने अभी हाल ही में 26 जनवरी को अरब लीग (जिसमें फलस्तीन भी शामिल है) के साथ एक साझा सहमति वाला रुख अपनाया था। भारत दो-राष्ट्र समाधान के अपने समर्थन को लेकर हमेशा से स्पष्ट रहा है। सूत्र ने आगे बताया कि ब्रिक्स समूह के कई देशों ने शर्म अल-शेख शांति शिखर सम्मेलन और ब्रिक्स के प्रस्ताव 2803 का समर्थन किया था। इस प्रस्ताव में गाजा में चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए एक व्यापक 20-सूत्रीय शांति योजना का अनुमोदन किया गया था, जिसमें शांति बोर्ड की स्थापना का प्रस्ताव भी शामिल था।





## कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा मूंग फसल उत्पादक कृषको को सलाह



**अनोखा तीर, हरदा।** कृषि विज्ञान केन्द्र प्रमुख डॉ. संध्या मुरे ने बताया कि जिले में कहीं-कहीं किसानों के खेतों में मूंग फसल में झुलसा (बेक्टेरियल बाइट) के लक्षण दिखाई दे रहे हैं। उन्होने बताया कि इसमें तने एवं पत्तियों पर छोटे-छोटे भूरे रंग के धब्बे दिखाई देते हैं साथ ही पत्तियां तथा शाखों का मुरझाना और काला पड़ जाना, वृद्धि में रुकावट आ जाना आदि लक्षण दिखाई देते है। एक ही खेत में लगातार मूंग उत्पादन के कारण भी यह समस्या हो सकती है। इसके नियंत्रण हेतु कॉपर ऑक्सिक्लोराइड का 2 ग्राम प्रति लीटर पानी के साथ में सुबह या शाम में छिड़काव करें इसके पश्चात चार से पांच दिन के बाद पूर्व मिश्रित कवक नशी कॉपर ऑक्सिक्लोराइड 45 डब्लू पी एवं कासुगामइिसन 5 प्रतिशत का छिड़काव करें। साथ ही 2 ग्राम प्रति लीटर पानी के हिसाब से 1 एकड़ में 150 से 200 लीटर पानी मे स्प्रे करें।

# गेहूं उपार्जन में किसानों को कोई असुविधा न हो : कलेक्टर

**• समूचे जिले में प्राथमिकता से जल संवर्धन के कार्य हों**

**-जनसुनवाई में देरी से पहुंचने वाले अधिकारियों की कटेगी तनख्वाह**

**अनोखा तीर, हरदा।**



कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने निर्देश दिए हैं कि समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन व्यवस्था में किसी भी किसान को कोई भी असुविधा न हो। उपार्जन केन्द्रों पर गेहूं विक्रय करने आ रहे किसानों की सहूलियत का ध्यान रखा जाए। उपार्जन केन्द्रों पर तौल कांटा, बारदान सहित छाया पानी के उत्तम इंतजाम रहें। एसडीएम सभी केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में चने के उपार्जन के भी सुव्यवस्थित इंतजाम रहें। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि आगामी वर्षा के सीजन के पूर्व जिले में जल संवर्धन के कार्य प्राथमिकता से कराए जाएं। तालाबों की डिसिल्टिंग कराई जाए।

साथ ही अधिकतम मकानों में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाए जाएं। उन्होने नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिये कि बारिश से पहले नगरीय क्षेत्रों के नदी नालों की सफाई भी करवाई जाए। बैठक में आंगनवाड़ियों में वितरित होने वाले पोषण आहार के वितरण में अनियमितता की जानकारी मिलने पर कलेक्टर ने निर्देश दिये कि तत्काल सभी आंगनवाड़ियों में पोषण आहार वितरण व्यवस्था का परीक्षण किया जाए। पोषण आहार की गुणवत्ता, मात्रा एवं नियमितता से कोई समझौता न हो। आंगनवाड़ियों में टीकाकरण व्यवस्था भी नियमित हो। कलेक्टर ने हरदा नगर के पार्कों की व्यवस्था सुधारने के भी मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिये। उन्होने कहा कि पार्कों की व्यवस्था आम नागरिकों के लिये सुविधाजनक हो। यहां आने वाले बच्चों के लिये झूले इत्यादि की उत्तम व्यवस्था हो। बैठक में जल जीवन मिशन अंतर्गत जो नल जल योजनाएं पूर्ण हो गई है, उनको ग्राम पंचायतों को हेण्डओवर करने एवं रिस्टोरेशन का कार्य पूर्ण करने के भी निर्देश दिए। जिला मुख्यालय पर प्रत्येक मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई में पहुँचने वाले अधिकारियों की लेटलतिफी पर कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होने कहा कि अब विलम्ब से पहुँचने वाले अधिकारियों की सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से निगरानी की जाएगी, जो अधिकारी समय पर नही पहुँचेंगे उनकी तनख्वाह काटी जाएगी। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, विभागीय योजनाओं एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व सुश्री रजनी वर्मा, एसडीएम हरदा अशोक डेहरिया, एसडीएम टिमरनी संजीव नागू सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## रजिस्ट्रीकरण व सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी फोटो युक्त मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य हेतु नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों हेतु अपील प्राधिकारी, रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किये है। जारी आदेश अनुसार जिले की पंचायतों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण हेतु अपर कलेक्टर को सम्पूर्ण जिला हरदा के लिये अपील प्राधिकारी (पंचायत) नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व संबंधित क्षेत्र का रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा विकासखण्ड हरदा में तहसीलदार हरदा व हंडिया, विकासखण्ड खिरकिया में तहसीलदार खिरकिया व सिराली को तथा विकासखण्ड टिमरनी में तहसीलदार टिमरनी व रहटगांव को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (पंचायत) नियुक्त किया गया है। जारी आदेश अनुसार नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची के वार्षिक पुनरीक्षण कार्य के लिये नगर पालिका परिषद हरदा हेतु अपर कलेक्टर, नगर परिषद खिरकिया व सिराली के लिए अनुविभागीय अधिकारी खिरकिया तथा नगर परिषद टिमरनी के लिये अनुविभागीय अधिकारी टिमरनी को अपील प्राधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिका परिषद हरदा के लिये अनुविभागीय अधिकारी हरदा, नगर परिषद खिरकिया के लिए तहसीलदार खिरकिया, नगर परिषद टिमरनी के लिए तहसीलदार टिमरनी तथा नगर परिषद सिराली के लिए तहसीलदार सिराली को रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार नगर परिषद हरदा के लिए तहसीलदार हरदा, नगर परिषद खिरकिया के लिए नायब तहसीलदार खिरकिया, नगर परिषद टिमरनी के नायब तहसीलदार टिमरनी तथा नगर परिषद सिराली के लिए नायब तहसीलदार सिराली को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन 9 मई को

**• होगा लंबित विद्युत प्रकरणों का निराकरण**

**अनोखा तीर, हरदा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 9 मई शनिवार को न्यायालय परिसर हरदा में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के अंतर्गत न्यायालयों में लंबित प्रकरणों एवं धारा 126 के लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के सभी घरेलू, सभी कृषि, 5 किलोवॉट भार तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक प्रकरणों में आंकलित सिविल दायित्व राशि दस लाख रूपये तक के प्रकरणों में छूट दी जाएगी। महाप्रबन्धक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी ने बताया कि नेशनल लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन (मुकदमा पूर्व) स्तर पर धारा 135 के प्रकरणों में कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। इसी प्रकार धारा 126 के प्रकरणों में कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी तथा आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन (केवल समझौता योग्य) स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत की छूट दी जाएगी तथा आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी। महाप्रबंधक मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी हरदा वृत्त ने सभी संबंधित विद्युत उपभोक्ताओं से इस नेशनल लोक अदालत का लाभ उठाकर अपने लंबित प्रकरणों का निराकरण कराने की अपील की गई है।

## फर्टीलाइजर एवं कीटनाशक दवा विक्रेताओं ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, हरदा।** फट्रीलाइजर व्यापारी संघ के राष्ट्रव्यापी आव्हान पर आज हरदा जिले के व्यापारियों ने सांकेतिक धरना प्रदर्शन कर उपसंचालक कृषि एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। संघ की प्रमुख मांगों में खाद की जबरन लिंकिंग पर रोक, उर्वरकों की एफओआर आपूर्ति सुनिश्चित करना, डीलर मार्जिन बढ़ाकर 8 प्रतिशत करना तथा साथी पोर्टल में राहत देना शामिल है।

## श्रीमद्भागवत संपूर्ण वेदों का सार, भक्ति-ज्ञान का मार्ग दिखाती है : प्रमोद महाराज

**अनोखा तीर, सोडलपुर।** ग्राम के मोती बाबा देवस्थान पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन सोमवार को कथा का रसपान कराते हुए वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक प्रमोद महाराज ने कहा कि श्रीमद्भागवत संपूर्ण वेदों का सार है, जो मनुष्य को सांसारिक जीवन में भक्ति, ज्ञान और वैराग्य का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि यह शरीर क्षणभंगुर है और एक दिन नष्ट होना निश्चित है, लेकिन पुण्य आत्माएं सदैव जीवित रहती हैं। कथा का आयोजन




दिगंबर खेमानंद पूरी महाराज के सानिध्य में संपन्न हो रहा है। कथा के दौरान महाराज ने गजेंद्र मोक्ष प्रसंग का विस्तारपूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि संकट की घड़ी में केवल भगवान ही सच्चे सहायक होते हैं। उन्होंने दोहा सुनाते हुए कहा सुख में आन सब मिल बैठत, रहत चहूं दिस घेरे, विपत्ति पड़ी सब ही संग छांणत, कोहूं आवत नेरे। कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। इस अवसर पर जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें बधाई और सोहर गाए गए तथा बच्चों को मिठाई व टॉफी वितरित की गई। कथा के दौरान श्रद्धालु श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी नाम संकीर्तन पर तालियों के साथ झूमते नजर आए। महाराज ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपने जीवन से मांस एवं मदिरा का त्याग कर सदाचार के मार्ग पर चलें। उन्होंने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अत्याचार बढ़ता है और कंस, जरासंध जैसे दुष्टों का आतंक फैलता है, तब भगवान धर्म की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। इसी क्रम में भगवान श्रीकृष्ण ने अवतार लेकर धर्म की स्थापना की। उन्होंने कहा कि जब भी पृथ्वी पर पाप बढ़ता है, तब श्रीहरि किसी न किसी रूप में अवतरित होकर पापियों का विनाश करते हैं और धर्म की रक्षा करते हैं।

**स्लॉट बुकिंग में सर्वर बना परेशानी**

# ओटीपी के बाद साइट से बाहर हो रहे किसान

**अनोखा तीर, मसनगांव।** गेहूं उत्पादन से लेकर बिक्री तक किसानों को लगातार परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस बार शासकीय खरीदी में उपज बेचने के लिए स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। सर्वर बार-बार डाउन होने और तकनीकी खामियों के चलते किसान दिन-रात प्रयास करने के बावजूद स्लॉट बुक नहीं कर पा रहे हैं। जानकारी के अनुसार, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा गेहूं खरीदी शुरू होने के बाद से ही किसानों को उपज बेचने में दिक्कतें आ रही हैं। पहले जहां किसानों को मैसेज के जरिए खरीदी केंद्रों पर बुलाया जाता था, वहीं पिछले दो वर्षों से स्लॉट बुकिंग व्यवस्था लागू की गई है। इस व्यवस्था में किसान पहले ऑनलाइन स्लॉट बुक कराते हैं, उसके बाद ही उपज लेकर खरीदी केंद्र पहुंचते हैं। लेकिन इस वर्ष स्लॉट बुकिंग के दौरान सर्वर की धीमी गति और तकनीकी समस्याओं ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। एमपी ऑनलाइन के माध्यम से एनआईसी कंपनी द्वारा की जा रही बुकिंग प्रक्रिया बार-बार बाधित हो रही है। किसान कई दिनों से प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल रही। ग्राम के



किसान रामनिवास रायखेरे ने बताया कि वे पिछले चार दिनों से स्लॉट बुकिंग का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन ओटीपी आने के बाद भी साइट बार-बार बाहर कर देती है, जिससे बुकिंग पूरी नहीं हो पाती। यह समस्या सिर्फ एक गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे हरदा जिले में देखने को मिल रही है। बताया जा रहा है कि शासन ने संभागवार समय निर्धारित किया है, लेकिन तय समय पर भी सर्वर सही तरीके से काम नहीं कर रहा। ऐसे में किसान मजबूर होकर अपनी उपज कम दामों पर कृषि उपज मंडी में बेचने पर विचार कर रहे हैं।

**उपज बिक्री को लेकर किसानों में आक्रोश** - गेहूं खरीदी में हो रही देरी और अव्यवस्थाओं के कारण क्षेत्र के किसानों में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसानों का कहना है कि इस बार बड़े किसानों से खरीदी को लेकर उदासीनता दिखाई जा रही है। पहले छोटे किसानों की उपज तुलाई की जा रही थी, जबकि मध्यम और बड़े किसान अब तक अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। करीब 27 दिन बीतने के बाद भी खरीदी नहीं होने से किसानों का भरोसा कमजोर होता जा रहा है। किसानों का कहना है कि यदि स्थिति जल्द नहीं सुधरी तो उन्हें मजबूरी में अपनी उपज कम भाव पर बेचनी पड़ेगी, क्योंकि मई माह में खाद की राशि समितियों में जमा करनी है और केसीसी ऋण भी चुकाना है।

### आंदोलन की तैयारी, बड़ी संख्या में किसान हरदा पहुंचेंगे

शासकीय खरीदी व्यवस्था से नाराज किसान अब आंदोलन की राह पर हैं। क्षेत्र के कई गांवों कांकरिया, कमताड़ा, सालाबेड़ी, डोमनमऊ, पलासनेर, केलनपुर सहित अन्य गांवों के किसान ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ हरदा पहुंचने की तैयारी कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि उपार्जन नीति में सुधार नहीं किया गया तो वे लंबा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया प्रभावित होने से वेयरहाउस केंद्र खाली** - स्लॉट बुकिंग नहीं होने के कारण कई वेयरहाउस और खरीदी केंद्र खाली पड़े हैं, जिससे पूरी खरीदी व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में राल्सन टायर्स का कैंपस ड्राइव 30 अप्रैल को

**अनोखा तीर, हरदा।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में राल्सन टायर्स लिमिटेड कम्पनी की कैम्पस ड्राइव 30 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से आयोजित की गई है। प्राचार्य शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा ने बताया कि यह कैम्पस ड्राइव 'डिप्लोमा अप्रेंटिस ट्रेनी' और स्टूडेंट ट्रेनी के पदों के लिए है। कैम्पस ड्राइव में डिप्लोमा अप्रेंटिस ट्रेनी के पद के लिये शैक्षणिक योग्यता मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, टूल एंड डाई, ऑटोमोबाइल आदि शाखा में 2023, 2024 व 2025 के पास आउट और 2026 के अंतिम वर्ष के विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते है। इसी प्रकार स्टूडेंट ट्रेनी पद के लिये मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, टूल एंड डाई, ऑटोमोबाइल, फिटर, वेल्डर, डीजल शाखा में वर्ष 2024, 2025 और 2026 पास आउट विद्यार्थी सम्मिलित हो सकते हैं। कैम्पस ड्राइव में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थी आवश्यक दस्तावेज अपडेटेड बायोडाटा, पासपोर्ट फोटो, सभी शैक्षणिक मार्कशीट, सर्टिफिकेट ओरिजिनल व फोटोकॉपी तथा आधार कार्ड सहित उपस्थित हो सकते है।

**घटिया नाला निर्माण को लेकर कांग्रेस ने जताया विरोध**

## कार्रवाई नहीं हुई तो धरने की चेतावनी

**अनोखा तीर, टिमरनी।** नगर परिषद द्वारा राज्य आपदा प्रबंधन की राशि से एसडीएम कार्यालय के पीछे करीब 75 लाख रुपए की लागत से लगभग 800 मीटर आरसीसी नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा है। निर्माण कार्य में अनियमितता और घटिया गुणवत्ता की शिकायत मिलने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों एवं कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने मुख्य नगर परिषद अधिकारी प्रियवृत बकोरिया को मौके पर बुलाकर निर्माण कार्य में हो रही अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन साई ने बताया कि नाला निर्माण निर्धारित मापदंडों के विपरीत किया जा रहा है। बिना सफाई किए और जल निकासी बदले बिना कीचड़ व पानी में ही निर्माण किया जा रहा है, नाले की चौड़ाई भी स्टीमेट के अनुसार नहीं है तथा घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपयंत्री श्रीकृष्ण बोहरे से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनका मोबाइल बंद मिला। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता के अनुसार नहीं किया गया और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो नगर परिषद के सामने धरना दिया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विनोद पटेल, पार्षद हीरा घुर्रे, विधायक प्रतिनिधि ओम मिश्रा, सैकी उपाध्याय, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुभाष जायसवाल, कांग्रेस नेता हेमंत टाले, रविशंकर शर्मा, गंगाराम गुर्जर, संदीप सोलंकी, चुन्नीलाल रायखेरे, सतु राजपूत, अक्षय मिश्रा, पूर्व पार्षद शहजाद खान, मंडलम अध्यक्ष जितेन्द्र सोनकिया, कांग्रेस नेता दीपक जैन, दिनेश विश्वकर्मा, पिंटु चौहान, अजय राजगुर्रे सहित अनेक कांग्रेसी मौजूद रहे।

## पुल पर फैली रेत से हादसे का खतरा



**अनोखा तीर, करताना।** हरदा जिले में करताना, चिचोट कुटी और बड़ी छीपानेर के बीच बने नर्मदा पुल पर एक ओर रेत फैली होने से दुपहिया वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। पुल से गुजरने वाले बाइक सवार सामने से आ रहे बड़े वाहनों को साइड देने के दौरान रेत पर फिसलने से बाल-बाल बच रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थिति के चलते किसी भी दिन बड़ा हादसा हो सकता है। दुपहिया वाहन चालकों को खासतौर पर परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि पुल संकरा होने के कारण उन्हें बार-बार किनारे होना पड़ता है, जहां रेत जमा है। वाहन चालकों और ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पुल पर फैली रेत को जल्द से जल्द हटाया जाए, ताकि आवागमन सुरक्षित हो सके।

# गौवंश की चोरी कर रेलवे ट्रैक पर बांधकर हत्या का आरोप, कार्रवाई की मांग

**अनोखा तीर, सिराली।** हरदा जिले के ग्राम छिदगांव मेल में गौवंश के साथ अमानवीय घटना का गंभीर मामला सामने आया है। इस घटना को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कलेक्टर हरदा के नाम सिराली थाने में थाना प्रभारी सीताराम पटेल को ज्ञापन सौंपते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि अज्ञात असामाजिक तत्वों द्वारा गौवंश की चोरी कर उन्हें रेलवे ट्रैक पर बांध दिया गया, जिसके चलते तेज रफ्तार ट्रेन की चपेट में आने से करीब 7 गौवंश की मौत हो गई। मृत पशुओं में 2 गायों के गर्भवती होने की बात भी सामने आई है, जिससे घटना की गंभीरता और बढ़ गई है। संगठनों का कहना है कि यह घटना न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाली भी है। इसको लेकर क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है और कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि तत्काल एफआईआर दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, अज्ञात आरोपियों की शीघ्र पहचान कर गिरफ्तारी की जाए, क्षेत्र में पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए तथा मामले को गंभीर अपराध मानते हुए सख्त धाराओं में केस दर्ज किया जाए।



संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो सिराली तहसील में उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी को भी प्रेषित की गई है।

**हेल्प लाईन नंबर**

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

# संपादकीय

# अच्छे कामों के लिए नौकरशाही की हौसला अफजाई भी जरूरी

इस सप्ताह के आरंभ में देश ने सिविल सेवा दिवस मनाया. औपचारिक समारोह आयोजित किए गए और अधिकारियों को उनके संबंधित क्षेत्रों में असाधारण कार्य के लिए सम्मानित किया गया. निःसंदेह, मेधावी और ईमानदार अधिकारियों को सरकारों द्वारा सम्मानित और पुरस्कृत करना चाहिए. लेकिन क्या वे दूसरों को प्रेरित कर पाते हैं? आज अधिकारियों में देखने को मिल रहे बेतहाशा लालच को देखते हुए मुझे इस पर संदेह है. कोई भी भ्रष्टाचार-निरोधक एजेंसी छोटी मछलियों को पकड़ने में भी सक्षम नहीं है, बड़े मगरमच्छों की तो बात ही छोड़िए. ऐसे परिदृश्य में नौकरशाही पर बातें करना जरूरी हैं. कुछ साल पहले मैंने नौकरशाही पर एक लेख लिखा था, जिसका शीर्षक था 'जंग लगता स्टील का ढांचा'. नौकरशाही में मेरे कई दोस्तों ने तब मुझसे नाराजगी जताई थी, हालांकि मैंने अधिकारियों की मनमानी के उन उदाहरणों का हवाला दिया था जो सबके सामने थे. उस लेख का लहजा स्पष्ट रूप से सभी सेवाओं के नौकरशाहों के खिलाफ था, न कि केवल आईएएस अफसरों के खिलाफ. मैं और समाज के विभिन्न क्षेत्रों में मेरे कई दोस्त आईएएस, आईपीएस और आईएफएस के युवा और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दी जाने वाली सार्वजनिक सेवाओं में लगातार गिरावट देख रहे हैं. उनसे नीचे के राजस्व अधिकारियों (पटवारी और तहसीलदार) और निचले स्तर के पुलिस अधिकारियों की स्थिति तो कल्पना से परे है. हालात बहुत तेजी से बिगड़ रहे हैं और जवाबदेही का नामोनिशान मिटता जा रहा है. लोक निर्माण, सिंचाई, बिजली, बांध निर्माण, सेतु निगम जैसे निर्माण विभागों में ऐसे बड़े अधिकारी हैं जो निविदाओं में ही हेराफेरी करके करोड़पति बन गए हैं, लेकिन कोई उन्हें छू नहीं सकता.

आप कारोबारी जगत के किसी भी व्यक्ति से या नगर निगम या विकास एजेंसी से कानूनी तौर पर कोई काम करवाने वाले सामान्य नागरिकों से पूछिए, तो वे कहेंगे, 'बिना पैसे दिए सरकार में तो कोई काम होता ही नहीं है.' क्या इससे विकसित भारत-2047 का सपना साकार हो पाएगा?

प्रशासनिक अकादमी के एक प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में, मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) के पद से सेवानिवृत्त हुए एक पूर्व वरिष्ठ आईएएस अधिकारी का सामना एक कनिष्ठ अधिकारी से हुआ : 'महोदय, आपने अपने भाषण में सेवा के दौरान पैसा कमाने के तरीकों के बारे में कुछ भी नहीं बताया?' पूर्व मुख्य चुनाव अधिकारी इस सवाल से पूरी तरह से स्तब्ध रह गए. उन्होंने स्वयं मुझे अपना चौंकाने वाला अनुभव बताया. मूल्यों पर आधारित सेवाओं में तेजी से गिरावट, कार्यकुशलता के स्तर में कमी, वरिष्ठ अधिकारियों का कम होता भय और समस्त अधिकारियों का बढ़ता अहंकार सभी को दिखाई दे रहा है. अचल संपत्ति और सोने सहित अन्य तरह की रिश्वत के प्रति उनका अभूतपूर्व प्रेम कई राज्यों में आम है. जब मैं ये पंक्तियां लिख रहा था, मध्यप्रदेश के शिवपुरी में भाजपा के एक विधायक ने एक युवा आईपीएस अधिकारी (एसडीओपी) को धमका रखा था. एसडीओपी आयुष जाखड़ को विधायक प्रीतम लोदी ने उनके बेटे के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने और निर्दोष लोगों को घायल करने के मामले में की गई कानूनी कार्रवाई के लिए धमकी दी है. इस घटना से पुलिस बल में हलचल मच गई.

इससे मुझे नए सिरे से सोचने पर मजबूर होना पड़ा. मैं इस बात का पूरा समर्थन करता हूं कि लोक सेवक होने के नाते अधिकारियों को जनता के प्रति सहानुभूति और हमदर्दी दिखानी चाहिए, लेकिन समाज और राजनेताओं को भी अधिकारियों के साथ शालीनता से पेश आना चाहिए. भ्रष्टाचारियों को, कानून तोड़ने वालों को निर्दयता से बेनकाब किया जाना चाहिए, लेकिन जो लोग ईमानदारी से और संविधान एवं कानूनों के अनुसार कर्तव्य निभा रहे हैं, उन्हें कतई निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए. असामाजिक तत्वों और अवैध खननकर्ताओं द्वारा उन्हें रोकने वाले अधिकारियों की हत्या की जा चुकी है. वनों की रक्षा के दौरान वन अधिकारियों पर हमले हो रहे हैं.

पूर्व कैबिनेट सचिव अजीत सेठ ने लिखा था, 'चुनी हुई सरकार और नागरिकों के बीच संपर्क सूत्र के रूप में, नौकरशाह प्रशासन के पहियों को सुचारु रूप से चलाते हैं और उनके बिना चीजें 'आगे नहीं बढ़ सकतीं'. वास्तव में, वे सही थे, लेकिन अब नौकरशाह उनकी संदिग्ध निष्पक्षता, स्वार्थी दृष्टिकोण और अक्षमता के साथ-साथ राजनीतिक अनुग्रह के जरिये महत्वपूर्ण पदों को हथियाने के लिए ज्यादा जाने लगे हैं.

ऐसे बहुत कम अधिकारी हैं जो पैसा कमाने और मनचाहे पद पाने की होड़ में शामिल होने से इनकार करते हैं. संविधान का पालन करने वाले, राजनीतिक दबावों को नकारने वाले निडर व ईमानदार बने रहने वालों को ही ऐसे दिनों पर सम्मानित किया जाना जरूरी है. अन्यथा यह दिवस निरर्थक रस्म बना रहेगा और समाज न्याय का मुंह ताकता रह जाएगा.

# जनगणना 2027 के तहत 30 अप्रैल तक की जा सकती है स्वगणना

## जिले के नागरिकों से स्व गणना कार्य में सक्रिय सहभागिता की अपील

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश में जनगणना 2027 के तहत स्व गणना का कार्य 30 अप्रैल 2026 तक की अवधि में संपादित किया जाएगा। नागरिकों को स्व गणना की सुविधा के लिए एक समर्पित वेब पोर्टल के माध्यम से पहली बार यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। जनगणना 2027 के प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य प्रगणकों द्वारा एक मई से 30 मई 2026 की अवधि में सम्पादित किया जाएगा, जिसके जिले में सफल संचालन के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी सिद्धार्थ जैन ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे स्व गणना प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लें, इससे जिले की जनगणना का कार्य तेजी से पूर्ण हो सकेगा। स्वगणना की प्रक्रिया बहुत सरल है। इसे आसानी से पूर्ण किया जा सकता है।

### स्व गणना प्रक्रिया

जनगणना 2027 में डिजिटल–प्रथम दृष्टिकोण अपनाया गया है। इसके तहत भौतिक मकान सूचीकरण अभियान (एचएलओ) शुरू होने से पहले 15 दिनों की वैकल्पिक ऑनलाइन स्व–गणना की सुविधा दी गई है। नागरिक 30 अप्रैल तक आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने परिवार का विवरण ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। इससे उन्हें एक विशिष्ट आईडी प्राप्त होगी, जो आगे की प्रक्रिया में सहायक होगी। नागरिक स्व गणना के लिए आधिकारिक पोर्टल पर जाकर अपने राज्य का चयन करें और कैप्चा कोड दर्ज कर लॉगिन करें। परिवार के मुखिया का नाम, 10 अंकों का मोबाइल नंबर और ई मेल आई डी (वैकल्पिक) दर्ज करें। इस समय यह ध्यान रखें कि परिवार के मुखिया का नाम बाद में बदला नहीं जा सकेगा। प्रत्येक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जा सकता है। इस प्रक्रिया के बाद अपनी पसंदीदा भाषा का चयन करें तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी दर्ज करें। अपने जिले का चयन करें और पिनकोड के साथ अपने गांव, नगर, स्थानीय क्षेत्र की जानकारी भरें। इसके बाद मानचित्र (मैप) पर लाल मार्कर को खींचकर (ड्रैग कर) अपने आवासीय भवन के सटीक स्थान पर स्थापित करें एवं स्थान की पुष्टि करें। इससे प्रगणक को स्व गणना सत्यापन के लिए आपकी लोकेशन में पहुंचने में आसानी होगी।

# इटारसी होकर चलेगी लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट अमृत भारत एक्सप्रेस

**अनोखा तीर, भोपाल।** यात्रियों की सुविधा के लिए गाड़ी संख्या 02211/02212 लोकमान्य तिलक टर्मिनसङ्कअयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस अमृत भारत एक्सप्रेस के संचालन को मंजूरी दी गई है। इसका उद्घाटन विशेष फेरा 28 अप्रैल 2026 को अयोध्या धाम जंक्शन से संचालित होगा। यह ट्रेन भोपाल मंडल के इटारसी स्टेशन से होकर गुजरेगी, जिससे मंडल के यात्रियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। इटारसी स्टेशन पर इसका आगमन सुबह 7.30 बजे और प्रस्थान 7.35 बजे निर्धारित किया गया है।

ट्रेन सुल्तानपुर, प्रयागराज, मानिकपुर, जलगांव, नासिक रोड, कल्याण और ठाणे होते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुंचेगी। इस नई सेवा से यात्रियों को आधुनिक कोच, बेहतर गति और आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा, साथ ही उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के बीच संपर्क भी मजबूत होगा।

# रोज गार्डन से फैमिली कोर्ट तक - राजा बाबूओ कि अधूरी प्रेम कहानी

## -शिक्षा, संस्कार, आत्मनिर्भरता से जेन जी आगे बने अब सफल दंपति



-सुशील कुमार जैन

लेखक एवं स्तंभकार

हाल ही में इलाहाबाद हाईकोर्ट की एक महत्वपूर्ण टिप्पणी ने समाज को आईना दिखाने का कार्य किया है। एक मेंटेनेंस मामले की सुनवाई के दौरान न्यायालय ने स्पष्ट कहा कि यदि कोई व्यक्ति अपने परिवार का भरण-पोषण करने में सक्षम नहीं है, तो उसे विवाह जैसे दायित्वपूर्ण निर्णय नहीं लेना चाहिए। न्यायालय ने यह भी दोहराया कि विवाह केवल सामाजिक या भावनात्मक बंधन नहीं, बल्कि एक कानूनी और नैतिक जिम्मेदारी है, जिससे आर्थिक तंगी का हवाला देकर बचा नहीं जा सकता।

यह टिप्पणी केवल एक न्यायिक अवलोकन नहीं, बल्कि आज के समाज के लिए एक गहरा संदेश है। इसी संदर्भ ने यह सोचने के लिए प्रेरित किया कि आखिर क्यों आज कई रिश्ते, जो आकर्षण से शुरू होते हैं, अंततः विवादों और अदालतों तक पहुंच जाते हैं।

आज के बदलते सामाजिक परिवेश में रिश्तों की परिभाषा, उनकी गति और निर्णय लेने की प्रक्रिया पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज और जटिल हो गई है। युवावस्था में लिए गए भावनात्मक निर्णय अब केवल व्यक्तिगत नहीं रह जाते, बल्कि उनका प्रभाव परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों तक पड़ता है।

जब हम फैमिली कोर्ट के मामलों को देखते हैं, तो यह स्पष्ट होता है कि अधिकांश विवादों में कोई एक पक्ष पूरी तरह दोषी नहीं होता। न माता-पिता, जो अपने अनुभव के आधार पर मार्गदर्शन देना चाहते हैं; न वे युवा, जो भावनाओं के प्रभाव में जीवन के बड़े निर्णय ले लेते हैं; और न ही वह बहू, जो नए परिवेश में सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास करती है। दरअसल, यह टकराव व्यक्तियों का कम और परिस्थितियों, अपेक्षाओं तथा समय से पहले लिए गए निर्णयों का अधिक होता है।

**आज के बदलते सामाजिक परिवेश में रिश्तों की परिभाषा, उनकी गति और निर्णय लेने की प्रक्रिया पहले की तुलना में कहीं अधिक तेज और जटिल हो गई है। युवावस्था में लिए गए भावनात्मक निर्णय अब केवल व्यक्तिगत नहीं रह जाते, बल्कि उनका प्रभाव परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों तक पड़ता है।**

विशेष रूप से दसवीं के बाद का समय जीवन का सबसे महत्वपूर्ण चरण होता है। यही वह आयु है जब शिक्षा, संस्कार और आत्मनिर्भरता की नींव रखी जानी चाहिए। लेकिन इसी समय होने वाले मानसिक और हार्मोनल परिवर्तन कई बार आकर्षण को प्रेम का रूप दे देते हैं। मित्रता से शुरू हुआ संबंध जल्द ही भावनात्मक निर्भरता में बदल जाता है और बिना पर्याप्त तैयारी के विवाह जैसे गंभीर निर्णय ले लिए जाते हैं।

शुरुआती दौर में सब कुछ सहज और सुंदर प्रतीत होता है, लेकिन जैसे ही वास्तविक जीवन की चुनौतियां सामने आती हैं-आर्थिक दबाव, सामाजिक अपेक्षाएं और पारिवारिक जिम्मेदारियां-तब वही संबंध परीक्षा में पड़ जाते हैं। जिस समझदारी का विश्वास था, वह परिस्थितियों के सामने कमजोर पड़ने लगता है।



परिणामस्वरूप, जो कहानी कभी रोज गार्डन या पार्कों में शुरू होती है, वह धीरे-धीरे घर की दहलीज पार करते हुए अंततः फैमिली कोर्ट तक पहुंच जाती है। यह केवल एक रिश्ते का अंत नहीं, बल्कि अधूरी समझ, अधूरे संसाधनों और असमय लिए गए निर्णयों का परिणाम होता है।

यदि जीवन के क्रम को समझा जाता–पहले शिक्षा, फिर संस्कार, उसके बाद आत्मनिर्भरता और अंत में वैवाहिक जीवन–तो यही संबंध स्थायित्व और सफलता का आधार बन सकते थे। एक मजबूत करियर, परिपक्व सोच और पारिवारिक सहयोग के साथ वही प्रेम एक सफल और सम्मानजनक रिश्ते में परिवर्तित हो सकता था।

आज आवश्यकता इस बात की है कि समाज, परिवार और युवा सभी इस संतुलन को समझें। प्रेम जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, परंतु यह संपूर्ण जीवन नहीं है। समय से पहले लिया गया निर्णय, चाहे वह कितना भी आकर्षक क्यों न लगे, भविष्य में जटिलताओं को जन्म दे सकता है।

अतः सबसे महत्वपूर्ण है संतुलन-भावनाओं और विवेक के बीच, स्वतंत्रता और जिम्मेदारी के बीच, तथा इच्छाओं और वास्तविकताओं के बीच।

अंततः, मजबूत नींव पर ही मजबूत रिश्तों का निर्माण होता है। यदि युवा पहले स्वयं को स्थापित करें, अपने व्यक्तित्व को संवारें और जीवन की जिम्मेदारियों को समझें, तो न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन में स्थिरता आएगी, बल्कि समाज भी अधिक संतुलित और सुदृढ़ बनेगा।

# राजनीति में स्थाई निष्ठा मिथक या मजबूरी ?



-डॉ. सुधाकर आशावादी

किसी राजनीतिक दल के प्रति स्थाई निष्ठा का प्रश्न हो या किसी निजी व्यापारिक प्रतिष्ठान में स्वामी के मनमाने आदेशों को स्वीकार करते हुए उसकी इच्छानुसार कार्य करने की मजबूरी, स्वतंत्रता का कोई भी पक्षधर किसी व्यक्ति या विचार का बंधुआ नही हो सकता। राजनीति में किसी व्यक्ति या दल के प्रति निष्ठाएं बदलना नई बात नही है। आया राम गया राम की नीति भारतीय राजनीति में लंबे अरसे से प्रभावी रही है। जब जब भी कोई प्रभावशाली राजनेता दल बदल करता है, तब तब उसे गद्दार, विश्वासघाती जैसी संज्ञा प्रदान की जाती है। हाल ही में आम आदमी पार्टी के सात बड़े नेताओं ने आम आदमी पार्टी से नाता तोड़कर भाजपा का दामन थामा है, दल बदल का असली कारण तो वही बता सकते हैं, लेकिन इतना अवश्य है कि कोई भी प्रभावशाली व्यक्ति या तो पार्टी में उचित सम्मान न मिलने के कारण दल बदल करता है या किसी व्यक्ति की वैचारिक तानाशाही या दंभ से त्रस्त होकर। आम आदमी पार्टी का इतिहास भी इससे इतर नहीं है। जिस टीम ने राष्ट्र से भ्रष्टाचार दूर करने के उद्देश्य से ईमानदार सुशासन का दावा किया था तथा आडम्बर मुक्त राजनीति का संकल्प लिया था, वह स्वयं सुख सुविधाओं का मोह नही छोड़ सकी। ऐसे में अनेक संस्थापक सदस्यों को समय समय पर पार्टी से अलग कर दिया गया। कटु सत्य यही है कि राजनीतिक चरित्र में अवसरवादिता एवं स्वार्थ पूर्ण सोच निहित रहती है। आम आदमी पार्टी भले ही स्वयं को कितना भी दूध से धुला सिद्ध करने की बात करे, लेकिन राजनीतिक हमाम में सब दलों की स्थिति समान ही है। चाहे भाजपा हो या कांग्रेस, आम आदमी पार्टी हो या राष्ट्रीय जनता दल, जनता दल यू हो या अन्य कोई राजनीतिक दल, न जाने कब किस राजनीतिक दल या किस नेता से किसी का मोह भंग हो जाए यह पूर्व निश्चित नहीं होता। किसी भी राजनीतिक दल में व्यक्ति का सम्मान एवं तत्कालीन परिस्थितियां प्रभावशाली व्यक्ति के दल बदल की भूमिका तैयार करती है। इसी कारण यदा कदा दल बदल होता रहता है, कोई भाजपा से खिन्न होकर कांग्रेस या आम आदमी पार्टी का दामन थामता है, कोई आम आदमी या कांग्रेस से खिन्न होकर भाजपा की उंगली पकड़ता है। बहरहाल दल बदल रोकने के लिए संविधान में व्यवस्था की गई है। इसके उपरांत भी दल बदल होता है तथा उसका विरोध व समर्थन भी किया जाता है। यह जनता की समझ का विषय है कि वह किसे गद्दार मानती है और किसे राष्ट्र भक्त। बहरहाल लोकतंत्र में कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है, कि दल बदल करने वाले प्रभावशाली व्यक्तियों के दोनों हाथों में लड्डू रहते हैं। ऐसे अनेक उदाहरण हैं, कि अनेक दलों की परिक्रमा करके आने वाले व्यक्तियों को विशेष नामधारी दलों ने मुख्यमंत्री जैसे विशेष पदों पर बिठाकर सम्मानित किया है तथा उन दलों के समर्पित कार्यकर्ताओं के हिस्से में केवल जनसभाओं में दरियां या कुर्सियां बिछाने का ही दायित्व आया है।

# क्या हम 'उपभोग की मृगतृष्णा' में फंस चुके हैं

**समाज की स्मृति में दो वाक्य लंबे समय से समांतर रूप से चलते आए हैं- 'तेते पांव पसारिये, जेती लांबी सौर' और 'ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत।' ये केवल लोकवाक्य नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि के दो विपरीत छोर हैं। पहला संयम, यथार्थ और आत्मनियंत्रण की ओर संकेत करता है, तो दूसरा तात्कालिक सुख के लिए भविष्य की चिंता को स्थगित कर देने की प्रवृत्ति को वैधता देता है। समय के साथ इन दोनों के बीच का तनाव बना रहा, लेकिन आज का परिदृश्य इस तनाव को एक नए ढंग से सामने लाता है, जहां बाजार केवल वस्तुओं का विनिमय नहीं करता, बल्कि आकांक्षाओं, असुरक्षा और इच्छाओं को भी गढ़ता है।**

शिवम भारद्वाज

एक समय था जब वस्तुओं का जीवन में प्रवेश धीमा और विचारपूर्ण होता था। खरीद एक निर्णय थी और उस निर्णय के पीछे एक क्रम- जरूरत का आकलन, संसाधनों का संतुलन और भविष्य की एक सहज चिंता थी। वस्तुएं उपयोगिता के साथ-साथ एक नैतिक अर्थ भी रखती थीं। वे जीवन को सरल बनाती थीं, पर उसे परिभाषित नहीं करती थीं। अब स्थिति उलट गई है। वस्तुएं जीवन की परिभाषा बनने लगी हैं। बाजार ने उपभोग को केवल आसान नहीं बनाया, बल्कि उसे अनिवार्यता का रूप दे दिया है। विज्ञापन, डिजिटल मंच और विपणन की नई रणनीतियां मिलकर एक ऐसा वातावरण निर्मित करती हैं, जिसमें इच्छा और आवश्यकता के बीच की रेखा लगातार धुंधली पड़ती जाती है। बाजार केवल मांग को पूरा नहीं करता, वह मांग पैदा करता है। और इसी प्रक्रिया में व्यक्ति के भीतर एक स्थायी 'अपर्याप्तता' का भाव आकार लेता है। यह वस्तुनिष्ठ नहीं होती, लेकिन अनुभव में वास्तविक लगती है।

व्यक्ति को यह महसूस होता है कि वह जैसा है, उतना पर्याप्त नहीं है और यह कमी वस्तुओं के माध्यम से पूरी की जा सकती है। यहीं से उपभोग एक विकल्प नहीं रहता, बल्कि एक मनोवैज्ञानिक बाध्यता का रूप लेने लगता है।



यह बाध्यता किसी बाहरी दबाव से नहीं, बल्कि भीतर के उस सूक्ष्म असंतोष से पैदा होती है, जिसे बाजार लगातार जीवित रखता है। अब वस्तुएं जरूरत पूरी करने के बजाय आत्म-छवि का विस्तार बन गई हैं। कौन-सा फोन, किस तरह की कार, कौन-सी सुविधाएं, किन स्थानों की यात्राएं- ये सब एक सामाजिक पहचान रचते हैं। इस दौड़ में पीछे छूट जाने का भय उपभोग की गति को और तीखा करता है।

इस पूरी प्रक्रिया को व्यावहारिक आधार देता है आसान कर्ज। क्रेडिट कार्ड, त्वरित ऋण और 'अभी खरीदें, बाद में भुगतान करें' जैसी व्यवस्थाएं इच्छा और सामर्थ्य के बीच के अंतर को समाप्त नहीं करतीं। वे उसे समय में आगे खिसका देती हैं। जो पहले निर्णय को टालने का कारण था, वही अब उसे शीघ्र लेने का साधन बन जाता है। उपभोग तत्काल होता है, उसका भुगतान स्थगित। कर्ज का प्रभाव तत्काल नहीं दिखता। वह धीरे-धीरे जीवन की संरचना में शामिल होता है। शुरुआत में वह सुविधा का विस्तार करता है, लेकिन समय के साथ वह आय के उपयोग को सीमित करने लगता है। आय का एक हिस्सा नियमित रूप से पूर्वनिर्धारित हो जाता है- देनदारियों के रूप में। इस स्थिति में व्यक्ति के पास संसाधन होते हुए भी उनके उपयोग की स्वतंत्रता घटने लगती है। उधार का सुख तत्काल हो सकता है, लेकिन उसकी कीमत समय के साथ सामने आती है। उपभोग और भुगतान के बीच का यह अंतर धीरे-धीरे एक स्थायी संरचना बन सकता है, जिसमें वर्तमान लगातार भविष्य पर निर्भर रहने लगता है।

इस परिदृश्य को और जटिल बनाता है सामाजिक संदर्भ। उपभोग अब निजी निर्णय भर नहीं रहा। वह दृश्यता और तुलना से जुड़ गया है। डिजिटल माध्यमों ने जीवन को एक निरंतर प्रदर्शन में बदल दिया है, जहां दूसरों के जीवन के चुने हुए हिस्से ही दिखाई देते हैं। यह दृश्य वास्तविकता नहीं, लेकिन प्रभाव वास्तविक होता है। व्यक्ति अपनी जरूरतों को नहीं, अपनी 'दिखने वाली स्थिति' को समायोजित करने लगता है। इसी क्रम में संयम की धारणा भी बदलती है। 'तेते पांव पसारिये' अब व्यावहारिक नियम कम और एक दूरस्थ सलाह अधिक प्रतीत होता है। हालांकि उपभोग के विस्तार ने जीवन को कई स्तरों पर सरल भी बनाया है। मगर जब उपभोग का संबंध संतुलन से हटकर विस्तार से जुड़ता है, तो उसके साथ दबाव भी बढ़ता है।

बाजार की संरचना इसी विस्तार पर आधारित है। इसलिए वह स्थिरता के बजाय निरंतरता को बढ़ावा देता है- नई इच्छाएं, नए मानक और लगातार बदलती अपेक्षाएं। व्यक्ति एक ऐसी प्रक्रिया का हिस्सा बन जाता है, जिसमें गति तो होती है, पर दिशा का बोध स्पष्ट नहीं रहता। इस संदर्भ में ये दोनों सूत्र फिर सामने आते हैं- 'तेते पांव पसारिये' और 'ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत।' अब वे केवल परंपरा के अवशेष नहीं, बल्कि दो अलग आर्थिक-सांस्कृतिक ढांचों के संकेत हैं। एक में आय और इच्छा के बीच स्पष्ट संबंध है, दूसरे में इस संबंध को स्थगित कर दिया जाता है।

अंतर सूक्ष्म है, पर निर्णायक। पहले में सीमा दिखाई देती है, दूसरे में सुविधा। मगर समय के साथ स्पष्ट होता है कि सुविधा का विस्तार अक्सर सीमा के स्थान पर ही स्थापित हो जाता है। आखिरकार बात इतनी-सी है कि उपभोग अब केवल चुनाव नहीं रहा, वह धीरे-धीरे जीवन की पूर्व-शर्त बनता जा रहा है। 'ऋणं कृत्वा घृतं पिबेत' अब एक उक्ति नहीं, एक व्यावहारिक ढांचा है, जिसमें सुख पहले आता है और उसकी कीमत बाद में, लेकिन लगातार चुकानी पड़ती है। इसके ठीक समांतर 'तेते पांव पसारिये' मौजूद तो है, पर उसकी जगह सिकुड़ती जाती है। यहीं यह अंतर निर्णायक हो जाता है- सीमा और सुविधा के बीच। यहीं यह प्रश्न अपने सबसे सरल रूप में सामने आता है- क्या उपभोग हमारी जरूरतों का विस्तार कर रहा है, या हमारी जीवन-रचना को बदल रहा है?

# आठ हजार की रिश्वत लेते सरपंच प्रतिनिधि और सचिव को लोकायुक्त टीम ने रंगे हाथ दबोचा

● पिछले दो साल से आवास योजना की राशि दिलाने के लिए सरपंच प्रतिनिधि और सचिव मांग रहे थे रिश्वत

**अनोखा तीर, बड़वाह।**

भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए लोकायुक्त पुलिस की टीम ने नगर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। उल्लेखनीय है कि समीपस्थ ग्राम पंचायत भोमवाडा में लोकायुक्त टीम ने ग्राम पंचायत भोमवाडा सरपंच प्रतिनिधि और सचिव को आठ हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई ग्राम की एक महिला की शिकायत पर की गई। ग्राम की महिला से आवास योजना के भुगतान के एवज में 20 हजार के कमीशन की मांग की जा रही थी। जानकारी के अनुसार, शिकायतकर्ता कविता बाई यादव ने ग्राम पंचायत भौमवाड़ा में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि निकालने के लिए आवेदक महिला से 20 हजार की मांग की थी। आरोप है कि सरपंच प्रतिनिधि और सचिव पिछले करीब 2 साल से राशि की फाइल आगे बढ़ाने के बदले रिश्वत मांग रहे थे। परेशान होकर फरियादी महिला ने इसकी शिकायत लोकायुक्त कार्यालय में की थी।





## थाने के बाहर चौपाटी पर किया ट्रैप

शिकायत के सत्यापन के बाद लोकायुक्त टीम ने योजनाबद्ध तरीके से अपना जाल बिछाया। जैसे ही फरियादी ने पुलिस थाने के सामने स्थित चौपाटी पर सरपंच प्रतिनिधि और सचिव को केमिकल लगे नोट थमाए। वैसे ही सिविल ड्रेस में तैनात लोकायुक्त टीम ने दबिश देकर दोनों को रंगे हाथों धर दबोचा। इस दौरान सचिव से रिश्वत की राशि बरामद की गई। जिसके बाद आरोपियों के हाथ धुलवाने पर पानी का रंग गुलाबी हो गया। जिसके आधार पर रिश्वत लेने का प्रमाण पुख्ता हो गया।

## भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज

लोकायुक्त डीएसपी आनंद चौहान ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आगे टीम पंचायत के अन्य दस्तावेजों की भी बारीकी से जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि क्या पूर्व में भी इस तरह की अनियमितताएं की गई थी। अधिकारियों का कहना है कि किसी भी स्तर का भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई लोक सेवक काम के बदले पैसों की मांग करता है, तो तुरंत इसकी सूचना लोकायुक्त पुलिस को दें।

## सार-समाचार

# कर्मवीर विद्यापीठ बचाने जनजागरण तेज

धरोहर के लिए विधायक मोरे ने सीएम से की मुलाकात

**अनोखा तीर, खंडवा।** निमाड़ की ऐतिहासिक पहचान कर्मवीर विद्यापीठ को बंद किए जाने की आशंका के बीच जिलेभर में जनजागरण तेज हो गया है। पत्रकार संगठनों से लेकर सामाजिक संस्थाओं तक सभी वर्ग इस मुद्दे पर एकजुट नजर आ रहे हैं। लोगों का कहना है कि यह केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं, बल्कि खंडवा की गौरवशाली विरासत का प्रतीक है, जिसे समाप्त नहीं होने दिया जाएगा। समाजसेवी व प्रवक्ता



सुनील जैन के अनुसार, इस मुद्दे पर पंधाना विधायक छाया मोरे की सक्रियता ने आंदोलन को नई दिशा दी है। उन्होंने बिना किसी दबाव के स्वयं पहल करते हुए विषय को राज्य स्तर तक पहुंचाया, जिसकी व्यापक सराहना हो रही है। विधायक मोरे ने भोपाल में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर विस्तृत ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विश्वविद्यालय का खंडवा स्थित कर्मवीर विद्यापीठ महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और प्रख्यात पत्रकार पंडित माखनलाल चतुर्वेदी की कर्मभूमि से जुड़ी महत्वपूर्ण धरोहर है। इसे बंद करना युवाओं के भविष्य और ऐतिहासिक विरासत दोनों के साथ अन्याय होगा। उन्होंने परिसर को यथावत संचालित रखने और स्थायी भवन निर्माण की मांग भी रखी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले की गंभीरता को स्वीकार करते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया है कि क्षेत्र के हितों को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा। इस बीच सामाजिक संगठनों ने भी चेतावनी दी है कि यदि संस्थान को बंद करने की प्रक्रिया आगे बढ़ी तो व्यापक जनआंदोलन किया जाएगा। वहीं मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद लोगों में उम्मीद जगी है कि सरकार इस ऐतिहासिक धरोहर को सुरक्षित रखने के लिए ठोस कदम उठाएगी।



# जैन शासन स्थापना दिवस पर फहराई धर्म ध्वजा

**अनोखा तीर, खंडवा।** अखिल भारतीय श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजक युवक महासंघ के तत्वावधान में सोमवार को घंटाघर चौक स्थित जैन स्तंभ प्रांगण में जैन शासन स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में सकल जैन समाज की उपस्थिति में धर्म ध्वजा फहराई गई। प्रचार मंत्री चंद्र कुमार सांड और सुनील जैन ने बताया कि इस अवसर पर विजय बोरा, अभय जैन, नवनीत बोथरा, वीरेंद्र भट्टयन, नवीस बोथरा और विनय बागरेचा ने धर्म संबोधन दिया। उन्होंने जानकारी दी कि भगवान महावीर द्वारा केवल ज्ञान प्राप्ति के पश्चात लगभग 2552 वर्ष पूर्व जैन शासन की स्थापना की गई थी, जिसमें श्रावक, श्राविका, साधु और साध्वी का समावेश है। धर्म संबोधन के पश्चात संघ के पदाधिकारियों ने समाजजनों की उपस्थिति में धर्म ध्वजा फहराई। कार्यक्रम में सुभाष मेहता, सुनील जैन, डॉ. सुभाष जैन, राजेश बोरा, दिलीप पहाड़िया, चिंतामण जैन, तरुण जैन, निखिलेश पंडित, देवेंद्र जैन, कांतिलाल नरेलिया, परिमल टोलिया, कमल ललवानी, विपिन कोचर सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। महिलाओं में रानी बोथरा, राखी बोरा, सुनीता बागरेचा और संध्या वोहरा की भी सहभागिता रही। कार्यक्रम में दीपक बम ने भजनों की प्रस्तुति दी। अंत में रोहित मेहता ने आभार व्यक्त किया तथा समापन के बाद प्रभावना में मिठाई वितरित की गई।

# भोपाल में विधायक दल की बैठक, नारी शक्ति अधिनियम पर विपक्ष की आलोचना

● भोपाल में आयोजित हुई विधायक दल की बैठक

● बुरहानपुर, खंडवा के समस्त विधायक हुए उपस्थित

**अनोखा तीर, खंडवा।** भोपाल में आयोजित भाजपा विधायक दल की बैठक में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर चर्चा हुई और विपक्षी कांग्रेस की आलोचना की गई। बैठक में मुख्यमंत्री, मंत्रिमंडल के सदस्य एवं प्रदेश के विधायक शामिल हुए। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि लोकसभा में प्रस्तुत नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं के सशक्तिकरण और आरक्षण से जुड़ा महत्वपूर्ण प्रस्ताव था। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष ने इसका समर्थन किया, जबकि विपक्षी दलों ने इसका विरोध किया। भोपाल में आयोजित एक दिवसीय विधानसभा सत्र के पूर्व मुख्यमंत्री निवास पर हुई इस बैठक में अधिनियम के समर्थन में संकल्प पारित



करने पर विचार किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मंत्री कुंवर विजय शाह सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। इसके साथ ही खंडवा और बुरहानपुर जिले के विधायक, जिनमें कंचन मुकेश तंनवे, छाया मोरे, नारायण पटेल, अर्चना चिटनिस और मंजू दादू सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। बैठक में अधिनियम को लेकर आगे की रणनीति पर भी चर्चा की गई।



# कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने की धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात

● खंडवा में 81 फीट ऊंचे बालाजी भगवान की प्रतिमा लोकार्पण को मिली मंजूरी

**अनोखा तीर, खंडवा।**

नागपुर में आयोजित कथा के दौरान कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह ने बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से भेंट की। यह मुलाकात धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक और सांस्कृतिक विषयों पर सार्थक संवाद का केंद्र बनी। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन के अनुसार, मंत्री विजय शाह ने कथा में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और देश व प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि बागेश्वर धाम आज श्रद्धा और आध्यात्मिक ऊर्जा का प्रमुख केंद्र बन चुका है। मुलाकात के दौरान विजय शाह ने धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें समाज में सकारात्मक ऊर्जा और धार्मिक जागरूकता फैलाने वाला बताया। दोनों के बीच धर्म, संस्कृति, युवाओं के मार्गदर्शन और नैतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इसी अवसर पर खंडवा जिले के छैगांव माखन में निर्मित 81 फीट ऊंची भगवान तिरुपति बालाजी की प्रतिमा के लोकार्पण का मार्ग भी प्रशस्त हुआ। बालाजी ग्रुप के संस्थापक रितेश गोयल के प्रयासों की सराहना करते हुए धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने इसे पुनीत कार्य बताया और कहा कि इससे क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने जनवरी माह में खंडवा आने और प्राण प्रतिष्ठा व लोकार्पण कार्यक्र म में शामिल होने का आश्वासन दिया है। साथ ही देशभर के संत-महंतों की उपस्थिति में भव्य आयोजन की संभावना जताई गई है। इस घोषणा के बाद खंडवा और निमाड़ क्षेत्र में उत्साह का माहौल है।

# सभी एसडीएम जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों का निरीक्षण करें

कलेक्टर श्री गुप्ता ने समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**अनोखा तीर, खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सभी एसडीएम एवं जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत संचालित कार्यों की सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित साप्ताहिक समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में कलेक्टर श्री गुप्ता ने नवागत सहायक कलेक्टर सुश्री शिल्पा चौहान का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर केआर बडोले, पुनासा के एसडीएम पंकज वर्मा सहित सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और मुख्य नगर पालिका अधिकारी भी मौजूद थे।



● **जिला अस्पताल के वार्डों में कूलर की व्यवस्था देखें:** कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में अपर कलेक्टर श्री बडोले को जिला अस्पताल के सभी वार्डों का आज ही निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि वार्डों के निरीक्षण में यह अवश्य देखें कि ग्रीष्म ऋतु के इस मौसम में वार्डों में कूलर चल रहे हैं कि नहीं, और उनमें पानी नियमित रूप से डाला जा रहा है कि नहीं। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं सिविल सर्जन को निर्देश दिए कि जिला अस्पताल परिसर में हरियाली बढ़ाने के लिए वर्षा ऋतु में पौधरोपण की तैयारी करें।

● **जल स्रोतों के आसपास भूजल पुनर्भरण संरचना बनवाएं**: कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि अपने-अपने क्षेत्र के उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें और वहां की व्यवस्थाएं देखें। उन्होंने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को गांव में पंचायत सचिवों के माध्यम से नालियों की साफ सफाई नियमित रूप से करने के निर्देश भी बैठक में दिए। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल स्रोतों के आसपास भूजल पुनर्भरण संरचनाएं अवश्य बनवाएं, ताकि वर्षा का पानी संबंधित हैंडपंप या ट्यूबवेल को रिचार्ज करता रहे और उनका जलस्तर ना गिरे। उन्होंने जिले के सभी सरकारी स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों के पेयजल स्रोतों के पानी की टेस्टिंग करने के निर्देश भी लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को दिए।

## पोषण पुनर्वास केंद्र में कोई भी पलंग खाली ना रह

कलेक्टर श्री गुप्ता ने महिला बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी पोषण पुनर्वास केंद्रों में जितने पलंग की क्षमता है, उसी अनुसार कुपोषित बच्चों को नियमित रूप से भर्ती करवाएं और सुनिश्चित करें कि कोई भी पलंग खाली ना रहे। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओपी जुगतावत को निर्देश दिए कि रक्तदान शिविरों के आयोजन से पूर्व उनके स्थान एवं तिथि का व्यापक प्रचार प्रसार करवाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग शिविर का लाभ उठा सकें। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश दिए की संबल योजना के तहत जिन मजदूरों ने अपने पंजीयन के लिए आवेदन ऑनलाइन किया है, उनका पात्रता के आधार पर त्वरित निराकरण करें कोई भी आवेदन अनावश्यक लंबित न रहे।

## इछावर में अंधेकत्ल का खुलासा, बड़े भाई ने की थी हत्या

**अनोखा तीर, सीहोर।** इछावर पुलिस ने 24 घंटे के भीतर अंधेकत्ल का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मामले में मृतक का बड़ा भाई ही हत्यारा निकला। पुलिस के अनुसार 26 अप्रैल को सूचना मिली थी कि सतपिपलिया निवासी अंकुश परमार का शव कच्चे रास्ते पर खेत की मेड़ के पास पड़ा है, जिसके शरीर पर धारदार हथियार के निशान थे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुनीता रावत के मार्गदर्शन और एसडीओपी भेरूंदा रोशन कुमार जैन के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच के दौरान संदेह के आधार पर मृतक के बड़े भाई देवेंद्र परमार से पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। आरोपी ने बताया कि 25 अप्रैल की रात शराब के नशे में छोटे भाई द्वारा गाली-गलौज करने पर गुस्से में उसने दरांती से हमला कर हत्या कर दी। बाद में शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली से ले जाकर कच्चे रास्ते पर फेंक दिया और सबूत मिटाने के लिए खून से सने कपड़े जला दिए तथा हथियार छिपा दिया।

# गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत नगर में गौवंश संरक्षण और संवर्धन हेतु निकाली रैली

● गौभक्तों ने प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

● केंद्रीय गौ सेवा एवं संरक्षण अधिनियम लागू करने की उठी मांग




**अनोखा तीर, बड़वाह।**

गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत रविवार को नगर में गौवंश संरक्षण और संवर्धन हेतु भव्य रैली निकाली गई। जिसमें क्षेत्र के प्रमुख संत-महंत और सैकड़ों गौभक्त मौजूद रहे, जिन्होंने रैली के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम तहसीलदार शिवराम कनासे को ज्ञापन सौंपा। उल्लेखनीय है कि उक्त रैली गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और केंद्रीय कानून बनाने की मांग को लेकर निकाली गई। रैली का शुभारंभ नागेश्वर मंदिर परिसर से सुबह 10 बजे हुआ। इस दौरान रैली में गोपाल मंदिर के महंत हनुमानदास जी महाराज, करपात्री कल्याणी आश्रम के संत सच्चिदानंद महाराज और अवधूत संत टाटमंबरी सरकार विशेष रूप से उपस्थित रहे। रैली में एक सुसज्जित हाथ ठेले पर गोमाता को विराजित किया गया, जिनका भक्तों ने पूजन-वंदन किया। वहीं नगर की श्री राम प्रभात फेरी मंडल के साथ गौभक्त भजन-कीर्तन करते चल रहे थे और जय गौमाता-जय गोपाल व गो हत्या बंद करो जैसे उद्घोष लगा रहे थे। इस दौरान रैली में गौभक्तों के हाथों में गोसंरक्षण से जुड़ी प्रेरणादायक तख्तियां थीं। उल्लेखनीय है कि उक्त रैली नगर के झंडा चौक, एमजी रोड, मुख्य चौराहे, जय स्तंभ चौराहे होते हुए नगर पालिका परिसर पहुंची, जहां गौभक्तों, नगर के गणमान्य नागरिकों और संत समाज की ओर से प्रधानमंत्री के नाम तहसीलदार शिवराम कनासे को प्रार्थना पत्र सौंपा गया।

## गौभक्त और संत समाज ने प्रधानमंत्री से किया आग्रह

प्रार्थना पत्र में प्रधानमंत्री से आग्रह किया गया कि देशी गोवंश को आधिकारिक तौर पर संवैधानिक मान्यता प्रदान की जाए। अनुच्छेद 48 के तहत राज्यों की असमर्थता को देखते हुए केंद्र सरकार केंद्रीय गौ सेवा एवं संरक्षण अधिनियम लागू करे। गौवंश की सुरक्षा और वधशालाओं पर कार्रवाई हेतु अलग से केंद्रीय गौ पालन मंत्रालय और स्पेशल टास्क फोर्स बनाई जाए। गौ तस्करी और वध को गैर-जमानती अपराध मानकर उम्रकैद और संपत्ति कुर्क करने का प्रावधान लागू किया जाए। प्रत्येक पंचायत में नंदीशाला, जिला स्तर पर गो अभयारण्य और राजमार्गों पर गौ वाहिनी एम्बुलेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।






संतों और गौभक्तों ने अपने संबोधन में कहा कि गोवंश केवल आस्था नहीं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धुरी है। जिस प्रकार प्रधानमंत्री ने राम मंदिर और महाकाल लोक के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत को सहेजा है, उसी तरह गोमाता को राष्ट्रीय सम्मान देकर इस महायज्ञ की पूर्णाहुति करें। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा और क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### जल संवर्धन तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई




**अनोखा तीर, माखननगर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद माखन नगर की नवांकुर संस्था साथी सामाजिक सेवा समिति द्वारा सेक्टर 5 में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संवर्धन तथा जल संरक्षण की शपथ दिलाई। जन चेतना द्वारा जल के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। संस्था से नीरज चतुर्वेदी, मोनू माझी तथा समाजसेवी सुरेश यादव शामिल हुए। जल मित्रों ने जन जागरूकता अभियान चलाने की शपथ ली।

### रेलवे ओवरब्रिज पर भीषण सड़क हादसा, ट्रक की टक्कर से 22 वर्षीय युवक की मौत

**अनोखा तीर, बुधनी।** बुधनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले रेलवे ओवरब्रिज पर सोमवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। नर्मदापुरम की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में 22 वर्षीय युवक की जान चली गई। घटना के बाद ब्रिज पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भारी भीड़ जमा हो गई।



#### पिता को लेने जा रहा था युवक

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान अमीश अली (22) पिता परवेज अली के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अमीश शाम करीब 5 बजे अपने पिता को लेने के लिए घर से निकला था। जैसे ही वह रेलवे ओवरब्रिज पर पहुँचा, सामने से आ रहे अनियंत्रित ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा।

● **अस्पताल ले जाते समय तोड़ा दम :** हादसे के तुरंत बाद स्थानीय लोगों और राहगीरों ने मानवता दिखाते हुए एक ऑटो की मदद से घायल अमीश को नजदीकी मधुबन अस्पताल पहुँचाया। हालांकि अस्पताल पहुँचने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को सिविल अस्पताल भेजा गया।

● **परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, चालक हिरासत में :** युवक की मौत की खबर मिलते ही सिविल अस्पताल में परिजनों और परिचितों की भारी भीड़ जमा हो गई। जवान बेटे को खोने के गम में परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलते ही बुधनी थाना पुलिस मौके पर पहुँची और तत्परता दिखाते हुए ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया है।

● **पुलिस का कथन:** पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। ट्रक को जब्त कर लिया गया है और चालक से पूछताछ की जा रही है। मामले की विस्तृत जांच जारी है।

### मलासुर अभियान के तहत नियमों का उल्लंघन करने पर लगेगा जुर्माना

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा स्वच्छ सर्वेक्षण के अंतर्गत मलासुर अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत प्रत्येक घर और प्रतिष्ठान में बने सेप्टिक टैंक की तीन वर्ष के भीतर सफाई कराना अनिवार्य किया गया है। नगर पालिका प्रशासन ने जानकारी दी है कि अभियान के अंतर्गत टैंक की सफाई कराने पर निर्धारित राशि में 10 प्रतिशत की छूट भी दी जाएगी। साथ ही नागरिकों, दुकानदारों और संस्थानों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देशों के अनुसार सभी सेप्टिक टैंक का निर्माण निर्धारित मानकों के अनुरूप होना चाहिए और खुले में शौच पूरी तरह प्रतिबंधित है। नगर पालिका ने टैंक सफाई के लिए शुल्क भी निर्धारित किए हैं, जिससे नागरिकों को सुविधा मिल सके।

### मां नर्मदा घाट पर 295वें सप्ताह भी जारी रहा स्वच्छता अभियान

● **जय हो समिति ने दिया स्वच्छता और जागरूकता का संदेश**



**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** मां नर्मदा के घाटों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए जय हो समिति द्वारा चलाया जा रहा अभियान 295वें सप्ताह में भी निरंतर जारी रहा। इस दौरान परमहंस घाट पर सफाई अभियान चलाकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। समिति के सदस्यों ने घाट परिसर में फैली गंदगी और प्लास्टिक कचरे को एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण किया। साथ ही सभी ने घाटों को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। समिति ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ने का प्रयास किया जाएगा, ताकि नर्मदा घाटों की पवित्रता बनी रहे।

# बैंक के बाहर थार से 5.50 लाख की चोरी का खुलासा

● **अंतरराज्यीय गैंग की महिला आरोपी राजगढ़ से गिरफ्तार**



**अनोखा तीर, सोहागपुर।** बैंक के बाहर खड़ी थार गाड़ी से साढ़े पांच लाख रुपये से भरा बैग चोरी होने की घटना का पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुलासा कर दिया है। इस मामले में अंतरराज्यीय गिरोह की सदस्य महिला आरोपी को राजगढ़ जिले से गिरफ्तार कर पूरी नकद राशि बरामद कर ली गई है। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) संजू चौहान ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि घटना 23 अप्रैल 2026 की है। सेमरी हरचंद निवासी अनाज व्यापारी पराग शर्मा अपने अकाउंटेंट तिलक मालवीय और परिचितों के साथ बैंक कार्य से सोहागपुर आए थे। उन्होंने भारतीय स्टेट बैंक से 5 लाख 50 हजार रुपये निकाले और केनरा बैंक के सामने अपनी थार गाड़ी खड़ी कर बैंक के अंदर चले गए। इसी दौरान एक अज्ञात महिला गाड़ी में रखा नगदी से भरा बैग लेकर फरार हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा एस. थोटा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन के निर्देशन में तथा एसडीओपी संजू चौहान के मार्गदर्शन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने शहरभर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबीर तंत्र को सक्रिय किया। जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुराग मिले, जिनके आधार पर पुलिस ने राजगढ़ जिले के थाना बोड़ी क्षेत्र स्थित कड़िया सांसी गांव में दबिश दी। यहां से आरोपी महिला सुधा उर्फ सुगना पति अजब सिंह उर्फ हरवीर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की पूरी राशि 5 लाख 50 हजार रुपये बरामद कर ली गई।

पुलिस के अनुसार आरोपी कड़िया सांसी गैंग की सदस्य है, जो प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में इस प्रकार की वारदातों को अंजाम देती रही है। सोहागपुर क्षेत्र में इस गैंग की सक्रियता सामने आने से स्थानीय लोगों में चिंता का माहौल है। इस कार्रवाई में निरीक्षक राहुल रायकवार, उपनिरीक्षक राहुल पटेल, सहायक उपनिरीक्षक मनोज राजपूत, प्रधान आरक्षक विनोद नागर, महिला प्रधान आरक्षक मंजुलता परते सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि बैंक से बड़ी राशि निकालते समय विशेष सावधानी बरतें, संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखें और तुरंत पुलिस को सूचना दें। साथ ही प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी सलाह दी गई है।

## एक रात में 4 गांवों के 31 किसानों के ट्यूबवेल की केबल वायर चोरी

● **पुलिस ने अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू की**

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।**

शनिवार-रविवार की दरमियानी रात क्षेत्र के चार गांवों में अज्ञात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। रानीपुर, झिन्नापुरा, सांटई और लोखरतलाई गांव के 31 से अधिक किसानों के खेतों से ट्यूबवेल से डीपी तक जाने वाली केवल वायर चोर काटकर ले गए। रविवार सुबह जब किसान खेतों पर पहुंचे तो ट्यूबवेल की वायर गायब मिली। एक साथ इतनी बड़ी संख्या में चोरी से किसानों में हड़कंप मच गया। पीड़ित किसान इकट्ठे होकर सिवनी मालवा थाने पहुंचे और अज्ञात चोरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। किसानों ने बताया कि चोरी से पहले शनिवार दोपहर कुछ अज्ञात लोग गांव में घूमते दिखे थे, लेकिन किसी को शक नहीं हुआ और रात में इतनी बड़ी चोरी हो गई। एक किसान के ट्यूबवेल से औसत 80-100 मीटर केवल वायर चोरी हुई है। इस हिसाब से कुल नुकसान लाखों रुपये का आंका जा रहा है। गर्मी के मौसम में ट्यूबवेल की वायर चोरी होने से किसानों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। खड़ी फसल को पानी नहीं मिलने से भारी नुकसान की आशंका है। किसानों को अब दोहरी मार झेलनी पड़ रही है। एक तरफ फसल बचाने की चिंता, दूसरी तरफ नए वायर लगवाने का हजारों का खर्च। थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर ने बताया कि किसानों का आवेदन ले लिया गया है। अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर आसपास के कबाड़ी और संदिग्धों से पूछताछ शुरू कर दी गई है। पुलिस ने जल्द खुलासे का भरोसा दिलाया है।



## एडवोकेट एवं वरिष्ठ पत्रकार पुरोहित की पत्नी का निधन

● **अंतिम यात्रा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि व पत्रकार**



**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** नगर के प्रतिष्ठित एडवोकेट एवं वरिष्ठ पत्रकार चंद्रशेखर पुरोहित को उस समय गहरा आघात लगा जब उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता पुरोहित का बैकुंठवास हो गया। वे कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी। वह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ थी। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को निज निवास जनपद रोड से निकाली गई। यात्रा में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पत्रकार साथी, अधिवक्तागण, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक पहुंचे। स्थानीय मुक्तिधाम में गमगीन माहौल में पूरे विधि विधान से उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ। उपस्थित नागरिकों ने पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि दी। श्रीमती सुनीता पुरोहित सरल, मिलनसार और धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थी। वे सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती थी। वरिष्ठ पत्रकार केके यदुवंशी ने कहा कि पुरोहित परिवार के सुख-दुख में नगर के पत्रकार हमेशा साथ खड़े है। अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने भी शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन रखा।

## नर्मदा ट्रॉफी में जीसीए की शानदार जीत

**8 विकेट से मुकाबला जीतकर टूर्नामेंट में बनाई मजबूत स्थिति**



**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

नर्मदापुरम संभाग क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित नर्मदा ट्रॉफी इंटर क्लब टूर्नामेंट के तीसरे मुकाबले में जीसीए नर्मदापुरम ने प्रोस्टार्ट इटारसी को 8 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। दो दिवसीय मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रोस्टार्ट इटारसी की टीम 251 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। टीम की ओर से सोनू ने 155 रनों की शानदार पारी खेली। जवाब में जीसीए ने संयमित बल्लेबाजी करते हुए मैच को आसानी से अपने नाम कर लिया। शिखर गंगराड़े ने 137 रन नाबाद और आदर्श दुबे ने 63 रन नाबाद बनाकर टीम को जीत दिलाई। मैच के दौरान अंपायर, स्कोरर और क्रिकेट संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पेयजल संकट से राहत के लिए दो नए टैंकर सौंपे

● **सांसद निधि से मिली सौगात, शांति नगर से हुई शुरुआत**



**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** नगर में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण पहल करते हुए दो नए पानी के टैंकर नगर पालिका को उपलब्ध कराए गए। वार्ड क्र. 18 शांति नगर में आयोजित कार्यक्रम में इन टैंकरों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। करीब 4 लाख रुपये की लागत से तैयार इन टैंकरों का उपयोग उन क्षेत्रों में किया जाएगा जहां पाईपलाइन सुविधा अभी उपलब्ध नहीं है या जल आपूर्ति बाधित रहती है। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों ने पूजन के बाद टैंकरों को रवाना किया और कहा कि आम नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पार्षद, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## गेहूं खरीदी व्यवस्था पर उठे सवाल, किसानों के साथ अन्याय का आरोप

**एमएसपी प्रक्रिया को बताया सुनियोजित षड्यंत्र, कई गंभीर आरोप लगाए**

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदी को लेकर कांग्रेस नेता धर्मेंद्र तिवारी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि इस वर्ष खरीदी प्रक्रिया किसानों के लिए परेशानी का कारण बन गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बारदाने की कमी, स्लॉट बुकिंग और सैटेलाइट सर्वे जैसे प्रावधानों के कारण किसानों को अपनी उपज एमएसपी पर बेचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से छोटे किसानों को इससे अधिक नुकसान हुआ है। श्री तिवारी ने कहा कि खरीदी में देरी और प्रशासनिक व्यवस्थाओं के कारण किसानों को मजबूरन कम कीमत पर फसल बेचनी पड़ी। उन्होंने सैटेलाइट सर्वे की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इससे कई किसानों की फसल को मान्यता नहीं मिल पाई। उन्होंने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों की अनदेखी का परिणाम आने वाले समय में देखने को मिलेगा।

# पूर्व विधायक गिरजा शंकर शर्मा पहुंचे किसानों के बीच, जानी समस्याएं

**अनोखा तीर, इटारसी।**

पूर्व विधायक गिरजाशंकर शर्मा आज इटारसी कृषि उपज मंडी स्थित सरकारी खरीदी केंद्र एवं किसानों की फसल की तुलाई की स्थिति जानने के लिए पहुंचे। इस अवसर पर श्री शर्मा ने किसानों से संवाद करते हुए यह जानने का प्रयास किया कि खरीदी केंद्र पर एवं मंडी में किसानों को किस प्रकार समस्या आ रही है। इसमें यह प्रमुखता से सामने आया कि मंडी में किसानों की गेहूं की फसल को 2450 रुपए अत्यधिक खरीदा जा रहा है। जब किसानों से जानने का प्रयास किया गया कि 2450 रुपए में बेचने को क्यों मजबूर है तो किसानों ने बताया कि स्लॉट बुकिंग नहीं होने के कारण सरकारी खरीदी केन्द्रों पर गेहूं की फसल नहीं बेच पा रहे है। जिस कारण मंडी में कम दाम पर फसलों को बेचने को मजबूर होना पड़ रहा है। इसके साथ ही सरकारी खरीदी केंद्र पर यह देखने में आया कि फसल रखने के लिए जगह नहीं थी एवं अन्य अव्यवस्था सामने आई।




इस दौरान श्री शर्मा द्वारा तत्काल इटारसी एसडीएम से चर्चा कर उक्त समस्याओं से अवगत कराया गया। जिस पर एसडीएम ने तत्काल रूप से समस्याओं के निराकरण की बात की गई। इसके साथ ही एफसीआई द्वारा किसानों का जो गेहूं रिजेक्ट किया जा रहा है उस हेतु भी एसडीएम से चर्चा की गई। श्री शर्मा ने बताया कि हम प्रशासन को बुधवार तक का समय देते हैं, यदि समस्याओं को हल नहीं किया गया तो हम किसानों के साथ गुरुवार को पुनः स्थिति का जायजा लेने आएंगे। यदि स्थिति नहीं सुधरती है तो यदि आंदोलन की जरुरत भी पड़ी तो हम किसान हित में आंदोलन हेतु बाध्य होंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से इटारसी नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मयूर जायसवाल, होशंगाबाद नगर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अजय सैनी, युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष सौम्य दुबे, जिला उपाध्यक्ष गौरव चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गोल्डी बैस, एनएसयूआई प्रदेश महासचिव प्रतीक मालवीय, प्रणीत मिश्रा, हिमांशु बाबू अग्रवाल, विशाल बड़कुर, अभय सैनी, कपिल यादव, गोवर्धन यादव, हिमांशु चौधरी, सूरज तिवारी आदि उपस्थित थे।

## सीहोर कोतवाली पुलिस ने बाइक चोर को पकड़ा

● **चोरी की मोटरसाइकिल बरामद**

**अनोखा तीर, सीहोर।** कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। मामले में एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस के अनुसार इंग्लिशपुरा निवासी सादिक खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 17 अप्रैल की रात वह भोपाल से लौटकर अपनी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल घर के बाहर खड़ी कर सो गया था, जो सुबह गायब मिली। शिकायत पर कोतवाली थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी रविन्द्र यादव के नेतृत्व में टीम गठित की गई। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना पर अमर टॉकीज क्षेत्र निवासी बुरहानुद्दीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने एक साथी के साथ मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर चोरी गई मोटरसाइकिल बरामद कर ली गई है। आरोपी को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने एक अन्य मोटरसाइकिल चोरी करना भी कबूल किया है। मामले में एक अन्य आरोपी अभी फरार है, जिसकी तलाश जारी है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रविन्द्र यादव सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही।

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं पंजीयक लोक न्यास, अनुभाग नर्मदापुरम**

प्रकरण क्र. वी / 113(1)/2025-26
नर्मदापुरम, दिनांक 27/04/2026

**सार्वजनिक सूचना प्रकाशन**

श्री रघुवर दास त्यागी आत्मज श्री सियाराम दास त्यागी, निवासी ग्राम बांद्राभान, तहसील व जिला नर्मदापुरम द्वारा श्री सीताराम परमार्थ ट्रस्ट ग्राम बांद्राभान के पंजीकरण हेतु मध्य प्रदेश लोक न्यास अधिनियम की धारा 4 के अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर विचार करने हेतु दिनांक 07/05/26 नियत की गई है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त लोक न्यास के पंजीयन अथवा उसकी अनुसूची में दर्शायी गई संपति के विवरण के संबंध में कोई आपति या सुझाव हो तो वह दिनांक 07/05/26 तक स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से लिखित में अपनी आपति कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नर्मदापुरम के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अवधि की समाप्ति के पश्चात प्राप्त आपतियों पर विचार नहीं किया जाएगा। अनुसूची (संक्षिप्त विवरण)- न्यास का नाम : श्री सीताराम परमार्थ ट्रस्ट, ग्राम वांद्राभान न्यास का उद्देश्य : गौसेवा, धार्मिक स्थलों का संरक्षण, नर्मदा स्वच्छता, एवं लोक कल्याणकारी कार्य । न्यास की संपति : अचल संपति : हनुमान मंदिर, आश्रम, यज्ञशाला, गौशाला (क्षेत्रफल लगभग 10,000 वर्ग फुट), ग्राम बांद्राभान अनुमानित मूल्यः 30,00,000/- (तीस लाख रुपये मात्र)। कार्यकारिणी : श्री मंगलदास त्यागी एवं अन्य 09 सदस्य ।

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं लोक नर्मदापुरम (म.प्र.)**

# कलेक्टर ने अवैध खनन और अतिक्रमण पर सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

● जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित




अनोखा तीर, बैतूल।


कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में खनिज, श्रम एवं वन विभाग की जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अवैध खनन, परिवहन और भंडारण पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त निर्देश दिए गए। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने स्पष्ट कहा कि जिले में किसी भी स्थिति में खनिज का अवैध उत्खनन, परिवहन या भंडारण नहीं हो। इसके लिए खनिज, राजस्व, पुलिस एवं परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि संयुक्त कार्रवाई के लिए एक स्थायी प्रोटोकॉल तैयार किया जाए, ताकि नियमित और प्रभावी कार्रवाई हो सके। उन्होंने अवैध माइनिंग में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। साथ ही अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठों के विरुद्ध भी सख्ती से कार्रवाई करने को कहा गया। साथ ही ईंट भट्टे के संचालन में अवैध रूप से कोयला का उपयोग करने वालों के विरुद्ध भी कार्यवाही करें। बैठक में वन विभाग से संबंधित लंबित अतिक्रमण एवं विस्थापन प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने इन प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय वन अधिनियम की धारा 5 से 17 के अंतर्गत आवश्यक कार्वाई करने को भी कहा। इसके अलावा वन ग्रामों से जुड़े दावे-आपत्तियों के प्रकरणों की भी समीक्षा करते हुए सभी स्तरों पर त्वरित और पारदर्शी निराकरण के निर्देश दिए गए। वन क्षेत्र में अतिक्रमण से जुड़े मामलों पर भी गंभीरता से कार्वाई कर समाधान सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने कहा कि बाल श्रमिकों का नियोजन कहीं भी न हो, श्रम विभाग और पुलिस विभाग आपसी समन्वय से कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। बैठक में डीएफओ नवीन गर्ग, डीएफओ अरिहंत कोचर, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, जिला खनिज अधिकारी मनीष पालीवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

# गौ सम्मान हेतु जन आह्वान, सोमवार को रैली के साथ ज्ञापन सौंपा

अनोखा तीर, खातेगांव।

गौ सम्मान आह्वान अभियान के अंतर्गत 27 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से जनसमूह के साथ श्रीराम मंदिर से नगर में रैली निकालकर नगर के मुख्य मार्गों से गौ भक्त तहसील कार्यालय पहुंचे। गौ भक्त रितिक ने ज्ञापन का वाचन किया व जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में गौमाता की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में गौवंश को अवैध रूप से कत्लखानों की ओर ले जाया जा रहा है। जिसे रोकने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर आवाज उठानी होगी। इसी उद्देश्य को लेकर यह अभियान चलाया जा रहा है, ताकि शासन-प्रशासन तक जनभावना को मजबूती से पहुंचाया जा सके। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से माताओं-बहनों, गौ प्रेमियों, धर्मप्रेमियों एवं सभी सामाजिक बंधु उपस्थित हुए। आयोजकों का कहना है कि यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि गौमाता के सम्मान और संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प का प्रतीक है। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर गौवंश की सुरक्षा, अवैध कटाई पर रोक एवं उचित व्यवस्थाओं की मांग की। इस अवसर पर अनेक हिन्दू संगठनों के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।



## सडक हादसे में महिला की मौत, दो घायल

**अनोखा तीर, देवास।** हाटपीपल्या रोड स्थित मुंडला क्षेत्र में सोमवार दोपहर एक सडक हादसे में 65 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीनों शादी समारोह से अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हो गई। जानकारी के अनुसार छोटी चुरलाई निवासी सुमित्रा बाई (65), देवेंद्र सिंह (45) और सुनीता बाई पति आनंद सिसोदिया भमोरी में एक शादी समारोह में शामिल होकर बाइक से वापस अपने गांव लौट रहे थे। सोमवार दोपहर मुंडला क्षेत्र में उनकी बाइक अचानक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं हो सका है। घटना के बाद डायल 112 की मदद से तीनों को जिला अस्पताल लाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुनीता बाई को मृत घोषित कर दिया। हादसे में घायल देवेंद्र सिंह और सुमित्रा बाई का अस्पताल में उपचार जारी है। दोनों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## सार-समाचार

### कार दुर्घटना में चालक की मौत

**अनोखा तीर, देवास।** बेटे की शादी के बाद घर लौट रहे दूल्हे के पिता कार हादसे का शिकार हो गए। हादसे में गंभीर रूप से घायल पिता के इलाज के दौरान मौत हो गई, जिससे शादी की खुशियां कुछ ही घंटों में मातम में बदल गई। कनेरिया निवासी दिनेश दुबे के बेटे का विवाह रविवार रात लोहार पिपलिया में संपन्न हुआ था। सभी रस्में पूरी होने के बाद सोमवार सुबह लडकी पक्ष इंदौर रवाना हो गया था। दिनेश दुबे शादी स्थल से कुछ सामान लेकर कार से अपने गांव कनेरिया लौट रहे थे। इसी दौरान सोमवार सुबह करीब 11 बजे बिलावली के पास उनकी कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पुलिस के अनुसार हादसे के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मामले की जांच जारी है। गंभीर रूप से घायल दिनेश दुबे को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के दौरान ही उनकी मौत हो गई। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई। नवविवाहित दूल्हा और परिवार के सदस्य गहरे सदमे में हैं।

### बुधनी में आयोजित किसान सम्मेलन जिला किसान कांग्रेस के साथी होगे सम्मिलित : श्री चौहान


**अनोखा तीर, खातेगांव।** जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने बताया कि 28 अप्रैल को बुधनी में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान के नेतृत्व में किसानों के हक में एक बड़ा धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज



सिंह चौहान के संसदीय क्षेत्र में किसानों की जटिल समस्याओं को लेकर आयोजित होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाने हेतु सोमवार को खातेगांव में किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश बरड के नेतृत्व और जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें धरना आंदोलन कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की और यह निर्णय लिया कि आंदोलन में देवास जिले से सैकड़ो किसान बुधनी में आयोजित किसान आंदोलन में भाग लेंगे। जानकारी देते हुए दिनेश वर्ड ने बताया कि इस अवसर पर बैठक में नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील यादव ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ माल्या जिला पंचायत सदस्य रोहित बंडावाला पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राजेश विश्नोई ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लाला पटेल जनपद उपाध्यक्ष मनीष पटेल राजवीर भारी किसान कांग्रेस के समस्त ब्लॉक अध्यक्ष नारायण कुमावत नूर खान, राहुल पटेल, सुरेश घासल एवं अन्य साथी सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे।

### बांस का अवैध रूप से परिवहन करता मिनी ट्रक जप्त

**अनोखा तीर, बैतूल।** वनमंडल दक्षिण बैतूल अंतर्गत आठनेर वन परिक्षेत्र में 25 अप्रैल को रात्रि में बांस के अवैध परिवहन की सूचना प्राप्त होने पर वनमंडलाधिकारी दक्षिण बैतूल अरिहंत कोचर एवं उपवनमंडलाधिकारी मुल्ताई संजय साल्वे के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी आठनेर अतुल भोयर द्वारा गश्ति दल का गठन किया गया। गश्ति दल द्वारा वन चौकी हिरादेही में चेकिंग बैरियर पर एक मिनी ट्रक अशोक लीलैंड को रोक कर चेक किया गया। चेकिंग के दौरान मिनी ट्रक में देशी बांस दिखाई दिए। वाहन चालक राजू वल्द भाऊराव धरपाल साकिन मोर्शी से देशी बांस के संबंध में पूछताछ की गई, उसके द्वारा देशी बांस की कटाई एवं परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं होना बताया गया। वाहन चालक द्वारा देशी बांस के परिवहन से संबंधित कोई दस्तावेज प्रस्तुत ना करने पर वन अमले द्वारा विधिवत रूप से मिनी ट्रक मय बांस जप्त किया गया। प्रकरण में भारतीय वन अधिनियम 1927 की धारा 2,41,52 एवं मध्यप्रदेश अभिवहन (वनोपज) नियम 2022 की धारा 3,10,14,15 के तहत कार्यवाही की गई। संपूर्ण कार्यवाही में परिक्षेत्र सहायक मंगल सिंह सिकरवार, जयप्रकाश लेदे, केशव राने, संजूलाल ऊईके, दिलीप नर्रे, राजेश बैगा, अजीत कौरव, विक्की परतेती, वाहन चालक नूर मोहम्मद एवं सुरक्षा श्रमिक बिसन वाडिवा का विशेष योगदान रहा।



# नर्मदा स्वच्छता वाहिनी के सदस्यों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अनोखा तीर, खातेगांव।

मां नर्मदा तट नेमावर घाट पर स्वच्छता हेतु शासन-प्रशासन से सहयोग की विभिन्न मांगों को लेकर नर्मदा स्वच्छता वाहिनी खातेगांव, नेमावर के बड़ी संख्या में सदस्यों ने एसडीएम प्रवीण प्रजापति को नर्मदा तट पर विभिन्न सुविधाओं हेतु एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन करते हुए शिक्षक संतोष जाट मां नर्मदा स्वच्छता वाहिनी के सदस्य ने बताया कि नर्मदा स्वच्छता वाहिनी, खातेगांव के 23 युवा साथी पिछले 1 वर्ष से प्रत्येक रविवार मां नर्मदा के नेमावर घाट पर निःस्वार्थ भाव से स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। श्रद्धालुओं द्वारा छोड़े गए तेल शैंपू अगरबत्ती गुटखा के पाउच पॉलिथीन, पूजन सामग्री, प्लास्टिक बोतल, डिस्पोजल ग्लास, जूते चप्पल और कपड़े आदि को हम स्वयं एकत्र कर निष्पादन कर रहे हैं। परंतु खेद का विषय है कि आज दिनांक तक शासन-प्रशासन की ओर से घाट पर निम्न मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। पूरे घाट क्षेत्र में एक भी कचरा पात्र नहीं होने से श्रद्धालु मजबूरी में कचरा नदी में डालते हैं। एकत्र किया गया कचरा कई दिनों तक घाट पर पड़ा रहता है। पूरे घाट क्षेत्र हेतु नगर परिषद द्वारा मात्र 1 कर्मचारी एवं 3 झाड़ू लगाने वाले नियुक्त हैं, जिनका कार्यक्षेत्र बहुत बड़ा है। मां नर्मदा मध्यप्रदेश की जीवनरेखा है एवं




नेमावर घाट धार्मिक-पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल है। स्वच्छ घाट न केवल आस्था का विषय है, बल्कि स्वच्छ भारत मिशन एवं नमामि नर्मदे योजना की सफलता से भी जुड़ा है।

अतः आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि जनहित व पर्यावरण हित में निम्न सहयोग प्रदान करने की कृपा करें। घाट के मुख्य स्थानों पर कम से कम 10 बड़े डस्टबिन तत्काल लगवाए जाएं। प्रतिदिन कचरा उठाव हेतु ट्रैक्टर-ट्रॉली की व्यवस्था की जाए। 2 अतिरिक्त सफाई कर्मचारियों की स्थायी नियुक्ति की जाए। अभियान में प्रशासनिक सहयोग एवं प्रचार-प्रसार हेतु निर्देश जारी किए जाएं। घाट पर नाव चालकों और दुकान दारो को दुकान लगाने और नाव चलाने हेतु एक आईडी कार्ड और दुकान नंबर प्रदान किया जाएं, और उनको भी निर्देशित किया जाएं कि आपकी दुकान और नाव के आस पास किसी भी प्रकार के कचरे पॉलीथिन फैलाने पर आपके खिलाफ कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी इस प्रकार के दंड का भी प्रावधान किया जाएं। तभी सबको वो भी बोलेंगे या स्वयं कचरे को इकट्ठा कर सकेंगे।

कचरा फेंकने वालों पर 500 रुपए का जुर्माना का प्रावधान होना चाहिए। हमें पूर्ण विश्वास है कि आपके सहयोग से नेमावर घाट को प्रदेश का आदर्श स्वच्छ घाट बनाया जा सकता है। हमारी टीम शासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने हेतु सदैव तत्पर है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सदस्यगण उपस्थित थे।

# लायंस क्लब इटारसी कपल में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा संपन्न




अनोखा तीर, इटारसी।

लायंस क्लब इटारसी कपल की डिस्ट्रिक्ट गवर्नर की आधिकारिक यात्रा शनिवार को गरिमामय माहौल में संपन्न हुई। सामूहिक कार्यक्रम में आयोजित इस यात्रा में क्लब के सदस्यों ने वर्ष भर किए गए सेवा कार्यों का विवरण डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के समक्ष प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन एमजेएफ प्रवीण वशिष्ठ एवं पीडीजी एमजेएफ लायन अनिल कुमार झा उपस्थित रहे। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन प्रवीण वशिष्ठ ने क्लब द्वारा किए गए स्वास्थ्य शिविर, डायबिटीज जागरूकता, नेत्र जांच, वस्त्र एवं भोजन वितरण जैसे सेवा कार्यों की सराहना की। उन्होंने अपने उद्बोधन में आने वाले समय में डायलिसिस सेवा पर विशेष ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन सुनील शिल्पी सराठे, सचिव लायन डॉ. विजयंत विनीता बड़कुल, कोषाध्यक्ष लायन मनोज साहू सहित डॉ. रविंद्र गुप्ता, डॉ. पूजा गुप्ता, चार्टर प्रेसिडेंट लायन प्रीति अभय दुबे, डॉ. राकेश बत्रा, डॉ. लीना बत्रा, डॉ. अभिषेक सोनी, डॉ. संजय गुप्ता, लायन अर्चना गुप्ता, लायन पारस जैन, लायन निकिता जैन, लायन संजय अग्रवाल, लायन श्रद्धा अग्रवाल, लायन हरीश अग्रवाल, लायन बबीता अग्रवाल, लायन किरण अग्रवाल आदि सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

क्लब सचिव डॉ. विजयंत बड़कुल ने लायन वर्ष 2025-26 की थीम 'सेवा संकल्प' के तहत आयोजित सभी गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन क्लब पदाधिकारियों द्वारा किया गया। सभी उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम की सराहना की और डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के मार्गदर्शन को सेवा कार्यों के लिए प्रेरणादायी बताया।

# यूसीमास की 21वां स्टेट लेवल प्रतियोगिता 1 से 3 मई को इंदौर में होगी आयोजित




अनोखा तीर, बैतूल।

यूसीमास मध्यप्रदेश द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली स्टेट लेवल प्रतियोगिता का 21वां विशाल एवं भव्य आयोजन 1 से 3 मई को इंदौर में आयोजित होने जा रही है। प्रतियोगिता इंदौर के अभय खेल प्रशाल में 1 एवं 2 मई को आयोजित होगी। वहीं 3 मई को विजेताओं को रविन्द्र नाट्य गृह में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। यूसीमास ग्रो-वेल अबेकस एकेडमी बैतूल एवं बगडोना से 81 नन्हे गणितज्ञ 5 से 13 वर्ष के इस प्रतियोगिता में शामिल होकर अपनी अद्वितीय गणितज्ञ कला का प्रदर्शन करेंगे। बैतूल के प्रतियोगियों की प्रतियोगिता 2 मई को लगभग 1:30 बजे से प्रारंभ होगी, जिसके लिए वे अपने पालकगण के साथ 1 मई को इंदौर के लिए रवाना होंगे। प्रतियोगिता में संपूर्ण मध्यप्रदेश से लगभग 6 हजार यूसीमास प्रतियोगी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में गणित के जटिल से जटिल प्रश्नों को 8 मिनट में लिखित में हल करने का लक्ष्य होगा। सभी प्रतियोगियों का प्रश्न पत्र उम्र एवं ग्रुप के अनुसार अलग-अलग होगा । सभी प्रतियोगियों का रिजल्ट 2 मई की रात्रि 10 बजे के बाद पालकों के मोबाइल पर एसएमएस के माध्यम से एवं यूसीमास की वेबसाईट पर घोषित होगा । विजेता बने प्रतियोगियों को 3 मई को रविन्द्र नाट्य गृह इंदौर में भव्य पुरस्कार वितरण समारोह में सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में यूसीमास ग्लोबल के फाउंडर प्रोफेसर डॉ. डिनों वांग के अलावा यूसीमास मध्यप्रदेश से नीरज गोयल, श्रीमती अमृता गोयल, श्रीमती लीना सचदेव, श्रीमती रूफिया पाठक मुख्य रूप से शामिल रहेंगे।

### बैतूल की दो टीचर होगी सम्मानित

यूसीमास स्टेट कोर्स इंस्ट्रक्टर एग्जाम में अलग-अलग लेवल में द्वितीय विजेता रही ग्रोवेल अबेकस एकेडमी की दो टीचर श्रीमती गायत्री यादव एवं श्रीमती रीना यादव को 2 मई को अभय खेल प्रशाल में सम्मानित किया जाएगा। यूसीमास ग्रो-वेल अबेकस एकेडमी, बैतूल एवं बगडोना की डायरेक्टर श्रीमती संध्या महाले एवं राजू महाले ने सभी प्रतियागियों के अच्छे परिणाम की कामना व्यक्त करते हुए सभी प्रतियोगियों को हार्दिक शुभकनाएं दी एवं मंगलमय सुखद यात्रा की कामना व्यक्त की ।

### गौ हत्या बंद करने और गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा ।** शहर के गौ भक्तों ने सोमवार को संकट मोचन हनुमान मंदिर से तहसील कार्यालय तक पैदल जन समूह के साथ प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में शहर के नागरिक शामिल हुए । गौ भक्तों का जत्था हनुमान मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य चौक-चौराहों से होते हुए नारेबाजी के साथ तहसील कार्यालय पहुंचा । गौ भक्तों ने कहा कि देश में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए, गौ माता को राष्ट्र माता का दर्जा दिया जाए । गौ भक्तों ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रतीक है । उसकी रक्षा करना हर नागरिक का कर्तव्य है ।



# कृषि आदान व्यापारियों की एकदिवसीय सांकेतिक हड़ताल

### समस्याओं के समाधान की उठाई मांग




**अनोखा तीर, आमला।** एग्रो इनपुट डीलर्स एसोसिएशन (एडा), नई दिल्ली, जो देशभर के खाद, बीज एवं कीटनाशक विक्रेताओं का एक पंजीकृत संगठन है और लगभग 5 लाख व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करता है। 27 अप्रैल को पूरे देश के कृषि आदान व्यापारियों द्वारा एकदिवसीय सांकेतिक हड़ताल की गई। संगठन के सदस्यों ने बताया कि पिछले लगभग 10 वर्षों से वे विभिन्न गंभीर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इन समस्याओं के निराकरण हेतु केंद्र एवं राज्य सरकारों के संबंधित अधिकारियों को बार-बार अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है, जिससे आक्रोशित होकर व्यापारियों को हड़ताल का सहारा लेना पड़ा। उर्वरक कंपनियों द्वारा सब्सिडी वाले खाद के साथ अन्य उत्पादों की जबरन लिंकिंग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए। खाद की आपूर्ति डीलर के बिक्री केंद्र तक सुनिश्चित की जाए, जिससे अतिरिक्त परिवहन खर्च से राहत मिल सके। बढ़ती महंगाई को देखते हुए उर्वरकों पर डीलर मार्जिन कम से कम 8प्रतिशत किया जाए। साथी पोर्टल को ग्रामीण खुदरा विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक बनाया जाए। एचटीबीटी बीज नीति को स्पष्ट कर अवैध बीजों पर रोक या अधिकृत विक्रेताओं को वैध अनुमति दी जाए। सीलबंद पैकिंग में नमूना फेल होने पर विक्रेता को दोषी न मानते हुए केवल साक्षी का दर्जा दिया जाए। कंपनियों को एक्सपायर्ड कीटनाशकों को वापस लेने के लिए कानूनी रूप से बाध्य किया जाए। नए बीज अधिनियम एवं कीटनाशक विधेयक 2025 में रिटेल डीलर को प्रथम पक्ष बनाने के प्रावधान को शिथिल किया जाए। झूठी शिकायतों की जांच हेतु जिला स्तर पर कमेटी गठित की जाए। लाइसेंस निलंबन के मामलों में 21 दिनों में स्वतः बहाली का प्रावधान लागू किया जाए। हर वर्ष प्रिंसिपल सर्टिफिकेट जोड़ने की अनिवार्यता समाप्त की जाए। बीजों के लिए दोहरी लाइसेंस प्रणाली को समाप्त किया जाए। व्यापारियों ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर आगामी एक माह के भीतर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो आने वाले खरीफ सीजन से पहले अनिश्चितकालीन बंद का निर्णय लिया जाएगा। इससे कृषि उत्पादन प्रभावित होने के साथ किसानों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। इस दौरान चंद्रकिशोर प्रजापति, महेश डांगे, रमेश लिल्होरे, दीपक सूर्यवंशी, पवन साहू, सुनील सूर्यवंशी, संजय मालवीय, लोकेन्द्र सिंह राठौर सहित आदान विक्रेता संघ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

**स्वामी,** प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। **प्रधान संपादक** सुरेश लोहाना / **संपादक** प्रहलाद शर्मा / **प्रबंध संपादक** महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। **सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।**

## सार-समाचार

# गौहत्या पर प्रतिबंध लगाने और बूचड़खाने बंद करने की मांग

### प्रधानमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, हरदा।** गौमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने और देश भर में गौहत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर संत समाज, गौ सेवक और आमजन एकजुट हुए हैं। गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को जिले के सैकड़ों गौसेवकों और नागरिकों ने शहर में वाहन रैली निकाली। वही एसडीएम कार्यालय में प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन एसडीएम अशोक डेहरिया को सौंपा। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अनिल गीते ने किया। अनिल गीते ने बताया कि गौवंश भारतीय संस्कृति और आस्था का प्रमुख प्रतीक है। इसकी रक्षा और संवर्धन करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य समाज में जागरूकता फैलाना और



प्रशासन का ध्यान गौ संरक्षण की ओर आकर्षित करना है। इस अवसर पर शाश्वत सोनी ने गौवंश की वर्तमान स्थिति को अत्यंत चिंताजनक बताया। उन्होंने गौशालाओं की व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा सड़कों पर घूम रहे गौवंश के लिए स्थायी आश्रय की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की। सोनी ने प्रभावी नीतियों के क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि गौ संरक्षण केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं है, बल्कि यह पर्यावरण संतुलन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो स्थिति और गंभीर हो सकती है। इस अवसर पर पवन, शक्तिभाई, चीनु धोलिया, मोहन राजपूत, लकी झा, हरीश चौहान, मयंक बुंदेले, आयुष पाराशर, सुनील सिंह राजपूत, नितेश बादर, दीपकराज सोनी, उमेश प्रजापति, मोहनीश बादर, अशोक पाराशर, अशोक नेगी, सोहनलाल उन्हाले, सुयोग सोनी सहित कई अन्य गौसेवक मौजूद रहे। अभियान को चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ाने की योजना बनाई गई है। पहले चरण में तहसील स्तर पर कार्यक्रम होंगे, इसके बाद 27 जुलाई को जिला मुख्यालयों पर, फिर अक्टूबर में राज्य की राजधानियों में और अंत में संत समाज अपनी मांगों को लेकर दिल्ली पहुंचेगा। प्रमुख मांगों में गौ माता को राष्ट्रमाता या राष्ट्र धरोहर का दर्जा देना, पूरे देश में गौ हत्या पर एक समान प्रतिबंध लागू करना और गौ संरक्षण के लिए एक सशक्त केंद्रीय कानून बनाना शामिल है।

# असामाजिक तत्वों ने फोड़ी नहर, मूंग सिंचाई प्रभावित

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा जिले के सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर के पास अज्ञात नकाबपोश लोगों ने बीती रात माचक नहर को तोड़ दिया। इस घटना से मूंग की फसल की सिंचाई प्रभावित हुई है, जिसके बाद सिंचाई विभाग ने नहर की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है कि यह घटना देर रात करीब 3 बजे हुई, जब 15 से अधिक नकाबपोश लोगों ने गेती और फावड़े का उपयोग कर मोहनपुर से गुजर रही नहर को माचक नदी की ओर से तोड़ दिया। इससे नहर का पानी नदी में बहने लगा। मौके से गेती



का एक दस्ता, साथ ही शराब और पानी की खाली बोतलें भी मिली हैं। सूचना मिलने पर सिंचाई विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू करवाया। कार्यपालन यंत्री सोनम बाजपेई ने बताया कि अज्ञात लोगों द्वारा माचक नहर को तोड़ा गया है, जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि मिट्टी डालकर पानी को रोका जा रहा है और ओसराबंदी के कारण आज माचक नहर के पानी को पाइंट जीरो से रोक दिया गया है। माचक नहर से जुड़े किसानों ने चिंता व्यक्त की है कि नहर टूटने से उनके क्षेत्र में सिंचाई बुरी तरह प्रभावित होगी। भारतीय किसान संघ के जिला प्रवक्ता राजनारायण गौर ने बताया कि बढ़ते तापमान के कारण मूंग की फसल को अधिक पानी की आवश्यकता होती है। ओसराबंदी के चलते किसानों को 36 घंटे तक पानी नहीं मिल पाता है, और अब नहर के टूटने से मरम्मत होने तक लगभग 2500 एकड़ से अधिक क्षेत्र के किसानों की सिंचाई प्रभावित होगी।

# मोहिनी एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में भक्तिमय माहौल



**अनोखा तीर, हरदा।** मोहिनी एकादशी के पावन अवसर पर प्रताप सिटी कॉलोनी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में बाबा श्याम का आकर्षक श्रृंगार किया गया। मंदिर को सुंदर सजावट से सजाया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो उठा। दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे और जय श्री श्याम के जयकारों से परिसर गूंजता रहा। भक्तों ने श्रद्धा के साथ निशान अर्पित कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर बाबा श्याम की विशेष सजावट की गई, जिसमें मंदिर सेवक वरुण हरणे, नमन, अभिषेक, कपिल और अमित का सहयोग रहा।

## बेखौफ चल रहा नेहरू पार्क में

# बच्चों से अवैध वसूली का गोरखधंधा

### सीएमओ ने कहा ठेका देना है, नपाध्यक्ष पति ने कहा टेंडर निकाल रहे





**अनोखा तीर, हरदा।**

तेल जले सरकार का मिर्जा खेले फाग...यह लोक कहावत नगर पालिका हरदा के नेहरू पार्क में चरितार्थ होते नजर आ रही है। शहर में कहने को तो नगर पालिका के 34 पार्क कागजों पर लहलहा रहे हैं। लेकिन वास्तव में एक मात्र नेहरू पार्क ही जमीन पर नजर आता है, जहां पूरे शहर के बच्चे, बूढ़े कुछ पल व्यतीत करने जा सकते हैं। इस पार्क के रखरखाव हेतु प्रतिवर्ष लाखों रुपए का बजट प्रावधान भी किया जाता है। वह राशि खर्च भी हो जाती है। लेकिन पार्क की सेहत में कोई सुधार नहीं होता है। खैर यह अलग विषय है, फिलहाल तो यह इकलौता पार्क भी अवैध वसूली का अड्डा बना हुआ है। इस पार्क में बच्चों के मनोरंजन हेतु लगाए गए अधिकांश झूले टूटे पड़े हुए हैं। फिसल पट्टियां खराब पड़ी है। फव्वारे बंद पड़े हैं। हां, वहां चालू है तो अवैध रूप से संचालित मिक्की माउस एवं जंम्पिग झूला। चूंकि पार्क में बच्चों के मनोरंजन के अन्य साधन अस्त-व्यस्त हैं तो ऐसी स्थिति में बच्चों का सीधे रुख इस ओर होना स्वाभाविक है। यहां बच्चों से प्रति 5-7 मिनट के 30 रुपया शुल्क वसूला जाता है। मिक्की माउस में हवा भरने के लिए दो विद्युत संचालित मोटर लगाई गई है। यह मोटर सीधे पार्क की बिजली से चल रही है। अब साहब सार्वजनिक पार्क में यह व्यवसायिक कार्य कैसे चल रहा है, क्या इसके लिए कोई विधिवत ठेका दिया गया है, हमने यह जानने का प्रयास किया। सीएमओ और नपाध्यक्ष का फोन अटेंड नहीं होने पर हमने नगर पालिका की राजस्व शाखा में पता किया। वहां इस संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली। उन्हें इस बात का पता भी नहीं था। फिर उपयंत्री एसके बोहरा से संपर्क किया उन्होंने कहा कि मुझे भी ऐसा पता चला था, लेकिन मेरे ख्याल से ऐसा कोई टेंडर हुआ तो नहीं है। बाकी सीएमओ साहब ही बता सकते हैं। हमने फिर कोशिश की तो सीएमओ ने मैसेज से कहा कि आप व्हाट्स-एप कीजिए। हमने अपनी बात व्हाट्स-एप से उनके समक्ष रखी। उन्होंने जो जवाब दिया हम वह भी प्रस्तुत कर रहे हैं। वहीं इस संबंध में उपाध्यक्ष अंशुल गोयल ने क्या कहा और अध्यक्ष पति राजू कमेडिया ने जो कहा वह भी प्रस्तुत है।

### जवाबदार लोगों ने कहा

**टेंडर निकाला है –** टॉय ट्रेन और मिकी माउस के लिए टेंडर निकला है। जिसमें संचालन संधारण संबंधित निविदाकर्ता का होगा। ट्रायल बेसिस पर यह दिया गया, ताकि जो भी ठेका ले वह उस अनुरूप शुल्क चुकाकर नगर पालिका से टेंडर ले सके। फिसल पट्टी की मरम्मत कर दी गई है, झूलो की भी मरम्मत कराई जा रही है।

**– कमलेश पाटीदार, सीएमओ नपा हरदा**

**टेंडर निकाल रहे –** अभी किसी को कोई ठेका नहीं दिया गया है। टेंडर कि प्रक्रिया की जा रही है। टेंडर जारी करने के बाद जो भी ठेका लेगा, उसके लिए समय और शुल्क दोनों निर्धारित किए जाएंगे। झूले ठीक करा दिए हैं। हन्नू खलीफा बार-बार चक्कर लगा रहा था तो अभी उसने ही शायद कुछ दिन से वहां चालू किया है। मैं आज जाकर देखता हूं। अभी तो वैसे ही चला रहा है। वहां कोई ट्रेन चलाने को तैयार नहीं होता इसलिए दोनों काम किसी एक को ही दे देंगे।

**राजू कमेडिया, नपाध्यक्ष पति**

### बगैर ठेका अवैध है

मेरी जानकारी में इसके लिए कोई ठेका नहीं दिया गया है। मेरे पास कुछ सामाजिक संगठनों ने भी आकर विरोध दर्ज कराया था कि यहां इस बहाने काफी असमाजिक तत्वों की भीड़ लगी रहती है। जिससे पार्क आने वाली महिलाओं तथा बच्चियों को खतरा बना रहता है। वहीं मैंने मिक्की माउस और जंपिंग झूला का विरोध भी किया था, जिसके चलते कुछ दिन बंद रखा गया और फिर चालू कर दिया। सीएमओ ने कहा कि सीसीटीवी कैमरे के सामने यह लगाया है, ऐसा कुछ नहीं होगा। वैसे यह सही बात है कि यह अभी बगैर ठेका के तो अवैध ही है। अब आप तो सब जानते हो, मैं क्या बताऊं।

**अंशुल गोयल, नपा उपाध्यक्ष हरदा**

# आज हरदा में किसानों का महा आंदोलन

### समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी सहित कई मांगों को लेकर जिला मुख्यालय का करेंगे घेराव

**अनोखा तीर, हरदा।** हरदा में मंगलवार को किसानों का बड़ा आंदोलन प्रस्तावित है। किसान संगठनों का दावा है कि यह मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा आंदोलन होगा, जिसमें पांच हजार से अधिक ट्रैक्टरों के साथ किसान हरदा पहुंचेंगे। यह आंदोलन समर्थन मूल्य पर मूंग खरीदी शुरू करने, गेहूं के लिए स्लॉट बुकिंग में आ रही परेशानी दूर करने और फसलों का दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य पर तय करने जैसी विभिन्न मांगों को लेकर किया जा रहा है। इसमें हरदा जिले के लगभग 270 गांवों के साथ-साथ देवास, नर्मदापुरम और खंडवा जिलों के किसान भी शामिल होंगे। वे हजारों ट्रैक्टरों के साथ जिला मुख्यालय का घेराव करेंगे। आंदोलन के मद्देनजर प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पूरे दिन के लिए यातायात व्यवस्था को डायवर्ट कर रूट प्लान तैयार किया गया



है। संयुक्त कलेक्टर सतीश राय ने बताया कि सुरक्षा के लिए फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई है। गर्मी को देखते हुए पीने के पानी और मेडिकल टीमों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। विभिन्न स्थानों पर अधिकारियों को तैनात किया गया है।

**1100 जवानों को किया तैनात –** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित मिश्रा के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था के लिए लगभग 1100 जवानों को तैनात किया गया है। इनमें हरदा जिले के अलावा नर्मदापुरम, बैतूल, रायसेन, छिंदवाड़ा, सिवनी, जबलपुर, सागर और नरसिंहपुर जिलों से भी पुलिस बल बुलाया गया है। जावरा, धार, इंदौर, जबलपुर और सागर से पांच बटालियन के जवान भी शहर में चप्पे-चप्पे पर तैनात रहकर हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। आंदोलन से जुड़े सुनील गोल्या और मनोज पटेल ने बताया कि किसानों की मांगों को लेकर गांव-गांव जाकर संपर्क किया गया है। आंदोलन में शामिल किसानों ने घेरा डालो, डेरा डालो की रणनीति बनाई है, जिसके तहत वे अपने ट्रैक्टरों में खाने-पीने का सामान और बिस्तर लेकर आएंगे। उनका कहना है कि यदि प्रशासन ने उनकी मांगें नहीं मानीं, तो आंदोलन लंबा चल सकता है।

# प्रधानमंत्री आज करेंगे अमृत भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ

**अनोखा तीर, हरदा।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 28 अप्रैल 2026 को बनारस रेलवे स्टेशन से अमृत भारत एक्सप्रेस के उद्घाटन विशेष सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, गाड़ी संख्या 22589/22590 बनारस-हुबपुर-बनारस अमृत भारत एक्सप्रेस का नियमित संचालन 28 अप्रैल से प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री के शुभारंभ के उपरांत गाड़ी संख्या 02531 उद्घाटन विशेष सेवा, 29 अप्रैल 2026 को प्रातः 10.20 बजे हरदा रेलवे स्टेशन पहुंचेगी, जहां इसका भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में स्वागत समारोह आयोजित होगा। इस अवसर पर भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री दुर्गा दास उईके शुभारंभ कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। अमृत भारत एक्सप्रेस के संचालन से क्षेत्र के यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त तेज, सुरक्षित एवं सुगम रेल यात्रा का लाभ मिलेगा। यह सेवा क्षेत्रीय संपर्क और यात्री सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

# पुलिसकर्मी पर गाली-गलौज व धमकी के आरोप, पीड़ित ने एसपी से की शिकायत

**अनोखा तीर, हरदा।** श्यामानगर कॉलोनी निवासी सत्यप्रकाश पाराशर ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर हंडिया थाना क्षेत्र में पदस्थ पुलिसकर्मी जितेन्द्र वैष्णव पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने फोन पर गाली-गलौज करते हुए वाहन खड़ा करने के लिए दबाव बनाया और मना करने पर झूठे केस में फंसाने की धमकी दी।

पीड़ित के अनुसार 27 अप्रैल को उन्हें कॉल कर अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया और लगातार फोन कर मानसिक रूप से परेशान किया गया। आवेदन में यह भी उल्लेख है कि पूर्व में अवैध मांग पूरी न करने पर इस प्रकार का दबाव बनाया जा रहा है। पीड़ित ने मामले में निष्पक्ष जांच कर संबंधित पुलिसकर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# किसानों की समस्याओं को लेकर चारखेड़ा में चक्काजाम, प्रशासन ने दिया आश्वासन

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले के किसानों की समस्याओं को लेकर आज जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई अपने साथियों के साथ दोपहर 1 बजे चारखेड़ा में चक्काजाम करने पहुंचे। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन की ओर से एसडीएम संजीव कुमार नागू, नायब तहसीलदार, टीआई मुकेश गौड़ सहित अन्य अधिकारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और किसानों की मांगों का तत्काल निराकरण किया। प्रशासन ने सभी खरीदी केंद्रों पर बड़े प्लेट कांटे शुरू करने का आश्वासन दिया। इस दौरान जिला कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने भी जिला अध्यक्ष मोहन सांई से मोबाइल पर चर्चा



कर किसानों की हर समस्या का जल्द समाधान करने की बात कही। जिला अध्यक्ष मोहन सांई ने बताया कि प्रशासन को चार दिन का समय दिया गया है। यदि इस दौरान किसानों की शिकायतें मिलती हैं, तो सोमवार को फिर से चक्काजाम करने को बाध्य होंगे। इसके बाद मौके पर एसडीएम संजीव नागू को किसानों की मांगों का ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते समय राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय सलाहकार हेमंत टाले, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चुन्नीलाल रायखेरे, किसान कांग्रेस प्रदेश महामंत्री रविशंकर शर्मा, टिमरनी ब्लाक अध्यक्ष विनोद पटेल, सोनतलाई ब्लाक अध्यक्ष सुरेन्द्र बिश्नोई, गंगाराम गुर्जर, शशिकांत वर्मा, राजू मिश्रा, मंडलम अध्यक्ष मनीष रायखेरे, सत्यनारायण राजपूत, अनिल बिश्नोई, सतीश भादू, संदीप सोलंकी, नारायण सांखला सहित अन्य किसान साथी उपस्थित थे।

### -जैन समाज में हर्ष का माहौल, ग्राम के समस्त जैन परिवारों की रही सहभागिता

# नवनिर्मित वेदी पर विराजमान हुआ भगवान पारसनाथ का समोशरण



**अनोखा तीर, हरदा।**

जिले के टिमरनी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम भादूगांव स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय में नवीन वेदी पर भगवान पारसनाथ को आज हर्षोल्लास से धार्मिक अनुष्ठानों मंत्रोच्चार के साथ विराजमान किया गया। गत दो दिनों से चल रहे वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन आज सोमवार को श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में हुआ। आचार्यश्री विद्यासागर महाराज, आचार्यश्री समय सागर महाराज एवं मुनिश्री निर्णय सागर महाराज के आशीर्वाद से प्रतिष्ठाचार्य पंडित ऋषभ कुमार शास्त्री (सागर) के सान्निध्य एवं मार्गदर्शन में दो दिन विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए। धार्मिक क्रियाओं और अनुष्ठान विधिपूर्वक संपन्न कर भगवान को नवनिर्मित वेदी पर स्थापित किया गया। जैन समाज हरदा के कोषाध्यक्ष राजीव रविंद्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन में प्रथम शांति धारा का सौभाग्य नरेंद्र, महेंद्र, सत्येंद्र, भूपेंद्र जैन परिवार को प्राप्त हुआ, शिखर पर ध्वजारोहण का सौभाग्य सुधीर, शुभम जैन को प्राप्त हुआ। बड़े पारसनाथ भगवान को नवनिर्मित बेदी पर विराजमान करने का सौभाग्य



सुरेंद्र, संकल्प संभव जैन परिवार को प्राप्त हुआ। प्राचीन पारसनाथ भगवान को नवनिर्मित वेदी पर विराजमान करने का सौभाग्य गिरीश, हरीश, आशीष, मनीष जैन परिवार को प्राप्त हुआ, तो नवीन पारसनाथ भगवान को नवनिर्मित वेदी पर विराजमान करने का सौभाग्य सुधीर, शुभम जैन परिवार को प्राप्त हुआ। वेदी पर शांतिनाथ भगवान को विराजमान करने का सौभाग्य अमृत श्री परिवार हरदा वालों को प्राप्त हुआ। महावीर भगवान को नवनिर्मित वेदी पर विराजमान करने का सौभाग्य सत्येंद्र अनुभव जैन परिवार को प्राप्त हुआ। अष्टधातु वाले पारसनाथ भगवान को विराजमान करने का सौभाग्य ज्ञानचंद, शैलेश, संजय जैन परिवार को प्राप्त हुआ।

आवश्यकता है

नर्मदांचल के प्रमुख हिन्दी समाचार पत्र

JOB VACANCY

दैनिक अनोखा तीर

निशाने पर हर खबर

में विभिन्न पदों पर योग्य उम्मीदवारों की आवश्यकता है।

- मार्केटिंग प्रतिनिधि (पद-4)
- रिपोर्टर (पद-2)
- कम्प्यूटर ऑपरेटर (हिन्दी टाईपिंग अनिवार्य)

संपर्क करें : समय सांय 6 बजे से 7 बजे तक

वेतन योग्यता अनुसार | अनुभवी को प्राथमिकता

कार्यालय :- दैनिक अनोखा तीर

रेमण्ड शोरूम के नीचे, जी.पी. मॉल के सामने, हरदा